Website: www.winews.in | Email: winews.in@gmail.com | दिल्ली, नोएडा,हापुड़, फरीदाबाद, मोदीनगर, मेरठ, सहारनपुर, मुजफ्फरनगर, रूड़की, हरिद्वार, देहरादून, मुरादाबाद, बुलंदशहर, अलीगढ़ मथुरा, आगरा,राजस्थान, पंजाब, बहराइच,रामपुर, लखनऊ, काशीपुर, देवन्बद में प्रसारित

दैनिक गाजियाबाद से प्रकाशित हिन्दी दैनिक

# वेलकम इंडिया

RNI NO. UPHIN/2018/76874

नये भारत की नई सोच

वर्षः 6 अंकः 116 | सोमवार , 28 अप्रैल -2025 (गाजियाबाद) | पेज-8 | मूल्य-एक रुपया

## मन की बात में पीएम मोदी ने पहलगाम अटैक की कड़ी निंदा

# कहा- दोषियों को सख्त जवाब दिया जाएगा

नई दिल्ली।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 'मन की बात' के 121वें एपिसोड में कहा कि आतंकी और उनके आकाओं का मकसद कश्मीर को फिर से अशांत करना है, जिसके लिए वे बड़ी साजिशें रचते हैं। उन्होंने कहा कि आतंकवाद के खिलाफ लड़ाई में देश की एकता और 140 करोड़ भारतीयों की एकजुटता हमारी सबसे बड़ी ताकत है, जो हमारी निर्णायक लड़ाई का आधार है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रविवार को अपने रेडियो कार्यक्रम 'मन की बात' के 121वें एपिसोड में पहलगाम आतंकी हमले की निंदा की। उन्होंने कहा कि इस घटना ने देश के हर नागरिक को गहरा दुख पहुंचाया है। मोदी ने कहा कि कश्मीर में शांति की वापसी हो रही थी, जिसे जम्मू-कश्मीर के दुश्मनों ने अपनी साजिश से बाधित करने का प्रयास किया। 'मन की बात' में पीएम मोदी ने पहलगाम हमले की निंदा करते हुए कहा, 'मन में गहरी पीड़ा है। 22 अप्रैल को पहलगाम में



हुई आतंकी वारदात ने देश के हर नागरिक को दुख पहुँचाया है। पीड़ित परिवारों के प्रति हर भारतीय के मन में गहरी संवेदना है। भले वो किसी भी राज्य का हो, वो कोई भी भाषा बोलता हो, लेकिन वो उन लोगों के दर्द को महसूस कर रहा है, जिन्होंने इस हमले में अपने परिजनों को खोया है। मुझे ऐहसास है, हर भारतीय का खून, आतंकी हमले की तस्वीरों को देखकर खौल रहा है।' पीएम ने आगे जम्मू-कश्मीर की प्रगति के बारे में बात करते हुए कहा, 'पहलगाम में हुआ ये हमला, आतंक के सरपरस्तों की

> पीएम मोदी ने कहा कि आतंकी और उनके आकाओं का मकसद कश्मीर को फिर से अशांत करना है, जिसके लिए वे बड़ी साजिशें रचते हैं। उन्होंने कहा कि आतंकवाद के खिलाफ लड़ाई में देश की एकता और 140 करोड़ भारतीयों की एकजुटता हमारी सबसे बड़ी ताकत है, जो हमारी निर्णायक लड़ाई का आधार है। उन्होंने पीड़ित परिवारों को भरोसा दिलाया कि उन्हें न्याय मिलेगा और हमले के दोषियों को सख्त से सख्त जवाब दिया जाएगा।

हताशा को दिखाता है, उनकी कायरता को दिखाता है। ऐसे समय में जब कश्मीर में शांति लौट रही थी, स्कूल-कॉलेजों में एक रौनक थी, निर्माण कार्यों में अभूतपूर्व गति आई थी, लोकतंत्र मजबूत हो रहा था, पर्यटकों की संख्या में रिकॉर्ड बढ़ोतरी हो रही थी, लोगों की कमाई बढ़ रही थी, युवाओं के लिए नए अवसर तैयार हो रहे थे। देश के दुश्मनों को, जम्मू-कश्मीर के दुश्मनों को, ये रास नहीं आया।' देश के लोगों से एकजुट होने का आह्वान करते हुए पीएम ने कहा, 'हमें देश के सामने आई इस चुनौती का सामना करने के लिए अपना संकल्प और मजबूत करना होगा। हमें एक राष्ट्र के रूप में दृढ़ इच्छाशक्ति का परिचय देना होगा। आज दुनिया देख रही है, इस आतंकी हमले के बाद पूरा देश एक स्वर में बोल रहा है।' पीएम मोदी ने कहा कि पहलगाम हमले की निंदा करते हुए कई देशों ने देश के साथ एकजुटता दिखाई है। उन्होंने कहा, 'दुनियाभर से संवेदनाएं आ रही हैं, वैश्विक नेताओं ने मुझे फोन किया है, पत्र लिखे हैं और संदेश भेजे हैं। सभी ने इस जघन्य आतंकी हमले की कड़ी निंदा की है और मृतकों के परिवारों के प्रति संवेदना व्यक्त की है।' पीएम मोदी ने कहा कि आतंकवाद के खिलाफ लड़ाई में पूरा विश्व 140 करोड़ भारतीयों के साथ खड़ा है।

## घर से बाहर छठी जीत, शीर्ष पर पहुंची आरसीबी

नई दिल्ली।



इस जीत के साथ आरसीबी 14 अंक और 0.521 के नेट रन रेट के साथ अंक तालिका में शीर्ष पर पहुंच गई। रजत पाटीदार के नेतृत्व में बेंगलुरु ने 10 में से सात मुकाबले जीते हैं। वहीं, नौ में से छह मैच जीतने और तीन हारने वाली दिल्ली 12 अंक और 0.482 नेट रन रेट के साथ तालिका में चौथे स्थान पर है। क्रुणाल पांड्या और विराट कोहली की अर्धशतकीय पारियों की बदौलत रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु ने दिल्ली कैपिटल्स को छह विकेट से हराकर सत्र की सातवीं जीत दर्ज की। वहीं, यह उनकी घर से बाहर लगातार छठी जीत है। इस मैच में टॉस हारकर पहले बल्लेबाजी करने उतरी दिल्ली कैपिटल्स ने 20 ओवर में आठ विकेट खोकर 162 रन बनाए। जवाब में आरसीबी ने 18.3 ओवर में चार विकेट खोकर 164 रन बनाए और मुकाबला अपने नाम कर लिया। दिल्ली के लिए अक्षर पटेल ने दो और दुष्मंथा चमीरा ने एक विकेट लिया।

## सेना आधुनिकीकरण के नाम पर हो रहा फजीर्वाड़ा

नई दिल्ली।

देश में सेना के आधुनिकीकरण के नाम पर फजीर्वाड़ा हो रहा है। रक्षा मंत्रालय की तरफ चेतावनी जारी की गई है कि, एक व्हाट्सएप संदेश में दावा किया गया है कि सरकार ने भारतीय सेना के आधुनिकीकरण के लिए एक बैंक खाता खोला है। यह दावा भ्रामक है। उल्लिखित बैंक खाता सेना के आधुनिकीकरण या हथियार खरीद के लिए नहीं है।

### बीजेपी ने विपक्ष पर साधा निशाना

## 'पाकिस्तानी मंत्रियों की बातें दोहरा रहे कांग्रेस के कुछ नेता'



नई दिल्ली।

पहलगाम में आतंकी हमले पर कर्नाटक के मुख्यमंत्री सिद्दरमैया के विवादित बयान के बाद अब राज्य के आबकारी मंत्री आरबी तिम्मापुर ने रविवार को यह कहकर विवाद खड़ा कर दिया कि उन्हें नहीं लगता कि पर्यटकों की हत्या करने वाले आतंकवादियों ने गोली मारने से पहले उनसे उनका धर्म पूछा होगा। इस पर भाजपा सांसद सुधांशु त्रिवेदी ने तीखी प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि हमले के मुद्दे पर केंद्र सरकार को समर्थन देने के कुछ ही दिनों के भीतर कांग्रेस का असली चेहरा उजागर हो गया है। कांग्रेस के कुछ नेता वही बातें दोहरा रहे हैं जो पाकिस्तानी मंत्री कह रहे हैं। सुधांशु त्रिवेदी ने कहा कि एक सप्ताह से भी कम समय में उन्होंने (कांग्रेस ने) अपना असली चेहरा दिखा दिया है और सबसे दर्दनाक तथा घटिया बयान कर्नाटक के मंत्री का है, जो कहते हैं कि यह संभव नहीं है कि आतंकवादियों ने पहले धर्म पूछा हो और फिर हत्या की हो। मुझे लगता है कि पीड़ित परिवारों के दर्द को इससे बदतर तरीके से बयान नहीं किया जा सकता।

> 'कांग्रेस ने अपना असली चेहरा दिखा दिया'

## राहुल अमेठी में संजय गांधी अस्पताल में हृदय रोग इकाई का उद्घाटन करेंगे



नई दिल्ली।

राहुल इससे पहले पिछले साल 17 मई को समाजवादी पार्टी के अध्यक्ष अखिलेश यादव के साथ कांग्रेस उम्मीदवार किशोरी लाल शर्मा के समर्थन में जनसभा करने अमेठी के मुसाफिरखाना आये थे। लोकसभा में विपक्ष के नेता और रायबरेली से कांग्रेस सांसद राहुल गांधी आगामी 30 अप्रैल को अमेठी स्थित संजय गांधी अस्पताल में हृदय रोग इकाई का उद्घाटन करेंगे। अमेठी से कांग्रेस के सांसद किशोरी लाल शर्मा ने बताया कि राहुल 29 अप्रैल को अपने संसदीय क्षेत्र रायबरेली के दौरे पर रहेंगे, जहां वह जिला विकास समन्वय एवं निगरानी समिति (दिशा) की बैठक में हिस्सा लेंगे और रायबरेली के भुएमऊ गेस्ट हाउस में रात्रि विश्राम करेंगे। शर्मा ने बताया कि 30 अप्रैल को राहुल अमेठी पहुंचेंगे और मुंशीगंज में स्थापित आर्डिनेंस फैक्टरी का निरीक्षण करेंगे जिसके बाद वह मुंशीगंज में स्थित संजय गांधी अस्पताल में स्थापित हृदय रोग इकाई का उद्घाटन करेंगे और इंदिरा गांधी कॉलेज ऑफ नर्सिंग का निरीक्षण करने के बाद वापस दिल्ली चले जायेंगे।

> अमेठी से लगातार तीन बार सांसद रहे राहुल ने पिछले साल जून में सम्पन्न लोकसभा चुनाव रायबरेली सीट से लड़ा था और उसमें जीत हासिल की थी। गत लोकसभा चुनाव के बाद से राहुल पहली बार अमेठी आ रहे हैं। राहुल इससे पहले पिछले साल 17 मई को समाजवादी पार्टी के अध्यक्ष अखिलेश यादव के साथ कांग्रेस उम्मीदवार किशोरी लाल शर्मा के समर्थन में जनसभा करने

## ओवैसी ने पाकिस्तान को आड़े हाथ लिया, कहा पहलगाम में बेगुनाहों की हत्या करकर जैसी बर्बरता

नई दिल्ली।

पहलगाम आतंकी हमले के बाद एआईएमआईएम प्रमुख असदुद्दीन ओवैसी ने पाकिस्तान को आड़े हाथ लिया है। ओवैसी ने कहा कि परमाणु शक्ति का दावा करने वाला पाकिस्तान बेगुनाहों की हत्या नहीं कर सकता। उन्हें यह याद रखने की जरूरत है कि अगर वे किसी देश में घुसकर बेगुनाह लोगों को मारते हैं, तो वह देश चुप नहीं बैठेगा। एआईएमआईएम प्रमुख असदुद्दीन ओवैसी ने रविवार को पहलगाम आतंकी




हमले को लेकर पाकिस्तान पर हमला बोला। ओवैसी ने कहा कि पहलगाम में हमारी जमीन पर बेगुनाहों की हत्या करके आपने करकर जैसी बर्बरता की है। उन्होंने कहा कि वे परमाणु शक्ति होने का दावा नहीं कर सकते और बिना किसी परिणाम के बेगुनाहों की हत्या नहीं कर सकते। ओवैसी ने महाराष्ट्र के परभणी में एक जनसभा को संबोधित किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि पाकिस्तान हमेशा परमाणु शक्ति होने की बात करता है। उन्हें यह याद रखने की जरूरत है कि अगर वे किसी देश में घुसकर बेगुनाह लोगों को मारते हैं, तो वह देश चुप नहीं बैठेगा। चाहे कोई भी सरकार हो, हमारी जमीन पर हमारे लोगों को मारकर और उन्हें धर्म के आधार पर निशाना बनाकर, आप किस 'दीन' की बात कर रहे हैं? आपने करकर की तरह काम किया है।

## तिरुवनंतपुरम एयरपोर्ट को मिली बम से उड़ाने की धमकी

**तिरुवनंतपुरम।** तिरुवनंतपुरम एयरपोर्ट को बम से उड़ाने की धमकी मिली है। पुलिस ने बताया कि रविवार तड़के हवाईअड्डा प्रबंधक की आधिकारिक ईमेल आइडी पर ईमेल भेजकर यह धमकी दी गई। हालांकि जांच के बाद यह धमकी झूठी साबित हुई। पुलिस अधिकारी ने बताया, सूचना मिलते ही केरल पुलिस और सीआइएसएफ कर्मियों ने हवाईअड्डे और उसके परिसर की जांच की।

## पाकिस्तानी महिला की याचिका पर सुनवाई से इन्कार

**नई दिल्ली।** शीना ने भारत में दीर्घकालिक वीजा के लिए आवेदन किया था और अपने आवासीय परमिट को निलंबित न करने की मांग की थी। दिल्ली हाईकोर्ट ने शनिवार को एक पाकिस्तानी महिला शीना नाज की याचिका पर सुनवाई करने से इनकार कर दिया। शीना ने भारत में दीर्घकालिक वीजा के लिए आवेदन




किया था और अपने आवासीय परमिट को निलंबित न करने की मांग की थी। उसकी शादी एक भारतीय नागरिक से हुई है और उन्होंने 23 अप्रैल को दीर्घकालिक वीजा के लिए आवेदन किया था। पहलगाम आतंकी हमले के बाद केंद्र सरकार ने 24 अप्रैल को पाकिस्तानी नागरिकों के लिए वीजा सेवाएं निलंबित करने का फैसला किया और उन्हें 27 अप्रैल तक भारत छोड़ने का निर्देश दिया।

## मुंबई इंडियंस ने लखनऊ सुपर जायंट्स को दी पटखनी



नई दिल्ली।

एमआई ने रविवार को आईपीएल 2025 के 45वें मैच में लखनऊ सुपर जायंट्स को 54 रनों से शिकस्त दी। एमआई ने मुंबई के वानखेड़े स्टेडियम में 216 का टारगेट दिया और लखनऊ टीम 161 रनों पर सिमट गई। एलएसजी के लिए आयुष बडोनी ने सबसे ज्यादा रन बनाए। उन्होंने 22 गेंदों में दो चौकों और दो सिक्स की बदौलत 35 रन जुटाए। मुंबई इंडियंस ने जीत का पंजा मारा है। एमआई ने रविवार को आईपीएल 2025 के 45वें मैच में लखनऊ सुपर जायंट्स को 54 रनों से शिकस्त दी। एमआई ने मुंबई के वानखेड़े स्टेडियम में 216 का टारगेट दिया और लखनऊ टीम 161 रनों पर सिमट गई। एलएसजी के लिए आयुष बडोनी ने सबसे ज्यादा रन बनाए। उन्होंने 22 गेंदों में दो चौकों और दो सिक्स की बदौलत 35 रन जुटाए। धाकड़ पेसर जसप्रीत बुमराह ने बेहतरीन गेंदबाजी की।

## निष्पक्ष जांच की पाकिस्तानी मांग के समर्थन में चीन

नई दिल्ली।

पहलगाम आतंकी हमले के बाद भारत के सख्त होते तेवर के बाद पाकिस्तान की तरफ से अंतरराष्ट्रीय फलक पर पूरे हमले की निष्पक्ष जांच कराने की मांग को लेकर लॉबिंग हो रही है। पहले पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ की तरफ से शनिवार को यह मांग उठी थी। उसके बाद रविवार को चीन और पाकिस्तान के विदेश मंत्रियों के बीच हुई वार्ता में इस्लामाबाद की तरफ से यह मांग की गई जिसका चीन के विदेश मंत्री वांग यी ने समर्थन किया है। पाकिस्तान के रक्षा मंत्री ख्वाजा आसिफ ने रूसी सरकार की एक न्यूज एजेंसी को साक्षात्कार में रूस व चीन को मिलाकर पहलगाम हमले की स्वतंत्र जांच कराने की मांग की है। लेकिन भारत इस मांग को किसी भी सूरत में स्वीकार करने नहीं जा रहा है। भारत इसे हल्का और सिर्फ बयानबाजी मानता है। विदेश मंत्रालय की तरफ से न तो पाकिस्तानी प्रधानमंत्री शरीफ के बयान पर कोई प्रतिक्रिया जताई गई है और न ही पाकिस्तान व चीन के विदेश मंत्रियों की वार्ता के बाद जारी बयानों पर।

> **पहलगाम हमले की निष्पक्ष जांच की मांग चाहता है भारत**
>
> पहलगाम हमले की निष्पक्ष जांच की मांग से पहले पाकिस्तान को यह बताना चाहिए कि संयुक्त राष्ट्र की तरफ से घोषित मुंबई हमले के दोषी आतंकियों को सजा दिलाने के लिए क्या किया गया है। पूरी दुनिया को मालूम है कि वे आतंकी पाकिस्तान में ही हैं।' पाकिस्तान के विदेश मंत्री मुहम्मद इशाक डार के साथ चीनी विदेश मंत्री वांग यी की हुई फोन वार्ता के बाद चीन के विदेश मंत्रालय ने कहा है कि वह पूरे घटनाक्रम पर नजर रखे हुए है।



## संपादक की कलम से

# आतंकिस्तान का कबूलनामा


ललित शर्मा
संपादक

पाकिस्तान के रक्षा मंत्री ख्वाजा आसिफ ने रहस्योद्घाटन किया है कि पाकिस्तान पिछले तीन दशकों से अमरीका, ब्रिटेन और पश्चिमी देशों के लिए आतंकवाद जैसा गंदा धंधा कर रहा था। हमने आतंकियों को पालने-पोसने, टेऊनिंग देने और पैसा देने का काम किया है। जाहिर है कि पाकिस्तान में आतंकी संगठन सक्रिय रहे हैं। हमने बहुत बड़ी गलती की है, जिसका खामियाजा हमने भुगता है। हमने सोवियत संघ के खिलाफ 1980 और 90 के दशक में और फिर न्यूयॉर्क में 9/11 आतंकी हमले के बाद अमरीका का सहयोग नहीं किया होता, तो आज हमारा टैऊक रिकार्ड (आतंकवाद के मामले में) कहीं बेहतर होता! पाक रक्षा मंत्री ने आरोप लगाया है कि अफगानिस्तान में अमरीका ने सोवियत संघ के खिलाफ जंग में आतंकियों को खुलकर समर्थन दिया था। बहरहाल सोवियत संघ का अस्तित्व खत्म हो चुका है। अमरीकी सेनाओं के अफगानिस्तान को छोड़ कर गए कई साल गुजर चुके। जो तालिबान वैश्विक पटल पर आतंकवादी थे, वे आज अफगानिस्तान में हुकूमत कर रहे हैं, लेकिन आज अफगानिस्तान पाकिस्तान को नंबर 1 दुश्मन मानता है और सरहद पर लड़ाई जारी है। वैसे तो पाकिस्तान के रक्षा मंत्री की कीमत दो टके की है, लेकिन अंतरराष्ट्रीय स्तर पर उनके कबूलनामे को मान्यता दी जाएगी। उन्होंने अमरीका के स्काई टीवी के एक लाइव शो में यह कबूला है कि पाकिस्तान आतंकियों का मुल्क है। बहरहाल पाकिस्तान के मौजूदा हालात के मद्देनजर यह नंगई वाला बयान है। अफगानिस्तान में लडे के बाद पाकिस्तान के आतंकियों और उनके आकाओं को एहसास हुआ कि वे भारत के खिलाफ जेहाद का इस्तेमाल कर सकते हैं, लिहाजा 90 के दशक से वर्ष 2000 तक दुनिया में जहां भी आतंकी हमले हुए, वहां पाकिस्तान की मौजूदगी और उसके सबूत पाए गए। भारत में भी जेहाद की आड़ में पाकपरस्त आतंकवाद और कश्मीर में अलगाववाद 90 के दशक में ही पनपे और फैलते गए। पाकिस्तान में आतंकियों को जेहादी ही नहीं, मुल्क के नायक और स्वतंत्रता सेनानी तक माना जाता रहा है। जिन आतंकियों ने कश्मीर के पहलगाम में नरसंहार किया था, पाकिस्तान के उप प्रधानमंत्री इसहाक डार उन्हें भी स्वतंत्रता सेनानी मान रहे हैं। फिर वह संभावना जताने लगते हैं। चूंकि पाकिस्तान फाइनेंशियल एक्शन टास्क फोर्स (फाट्फ) को लिखित आश्वासन दे चुका है कि उनके मुल्क में आतंकी मौजूद नहीं हैं और न ही हुकूमत आतंकी संगठनों को पैसा और पनाह देती है। पहलगाम नरसंहार के बाद पाकिस्तान में जो खलबली मची है, लश्कर-ए-तैयबा और जैश-ए-मुहम्मद सरीखे आतंकी संगठनों के मुख्यालयों में स्थित मस्जिदें और मदरसे खाली कराए गए हैं। करीब 200 एकड़ में फैले लश्कर के मदरसों में पढे वाले करीब 2000 छात्र और मौलवी-मौलाना वहां से चले गए हैं। आतंकियों और छात्रों-मौलानाओं को सुरक्षित जगहों पर भेजा गया है। पाकिस्तान में ऐसा किस खौफ और संभावित हमले के मद्देनजर किया गया है? खबर तो यह भी है कि लश्कर के सरगना हाफिज सईद को एबटाबाद के आईएसआई सेफ हाउस में रखा गया है। इसी इलाके में अलकायदा का सरगना ओसामा बिन लादेन छिपा था, जहां अमरीका के कमांडो सैनिकों ने उसे ढेर किया था। बहरहाल भारत ऐसी सूचनाओं और साक्ष्यों के आधार पर फाट्फ में, पाकिस्तान के खिलाफ शिकायत दर्ज कर सकता है और पाकिस्तान को ग्रे लिस्ट में डालने का आग्रह कर सकता है। यदि फाट्फ ने पाकिस्तान पर कोई निर्णायक कार्रवाई की, तो दुनिया में उसे भीख तक नहीं मिल सकती।

## मतलब क्या सियासतदानों को

राजेन्द्र लाहिरी

कविता



आंसू और भूख को
जो नहीं समझता है,
अपना हिस्सा खा कर भी
औरों का भी झपटता है,
ढो रहे हैं इनको देश दे दे कर जानों को,
किसी की भलाई से
मतलब क्या सियासतदानों को,
दंगा फसाद जब चाहे कराते हैं,
मुंह से केवल संवेदना जताते हैं,
जहां नहीं जरूरत वहां भी
गीत आस्था के गा रहे हैं,
तर्क और विज्ञान को धता ये बता रहे हैं,
अपने कुत्सित चालों को जनता पर थोप रहे,
मीठी कटारों से पेट सबका भोंक रहे,
देश की उन्नति से इसे नहीं कोई मतलब,
नोट इनकी पूजा और नोट ही है रब,
बचाना नहीं है जां किसी की
लाश से भर रहे खदानों को,
किसी की भलाई से
मतलब क्या सियासतदानों को,
थुलथुल हुए जा रहे हैं पसीना नहीं छूटता है,
जिसने आगे बढ़ाया इसे उसी से ये रूठता है,
एकता भाईचारा की बात नहीं करता है,
नफरतें फैला देता जिस गली गुजरता है,
आगे केवल बढ़ा रहे हैं
चमचों और बेईमानों को,
किसी की भलाई से
मतलब क्या सियासतदानों को।

स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक ललित कुमार द्वारा वेलकम इंडिया प्रिन्टर्स, 1/26, साउथ साइड, जी टी रोड़, गाजियाबाद-201001 से मुद्रित कराकर ग्राउन्ड फ्लोर, दुर्गा टॉवर, आर.डी.सी राजनगर, गाजियाबाद 201002 से प्रकाशित किया। संपादक : ललित शर्मा
सम्पर्क सूत्रः 9891116568

किसी कानूनी विवाद की स्थिति में निपटारा गाजियाबाद न्यायालय में ही होगा।

# जानिए आखिर क्यों पाकिस्तान कर रहा है आतंकवाद फैलाने जैसा 'गंदा काम'?

***वहीं भारत के साथ ऑल आउट वार की बात करने वाले ख्वाजा आसिफ ने कहा कि पाकिस्तान में लश्कर ए तैयबा खत्म हो चुका है। हालाँकि उन्होंने स्वीकार किया कि लश्कर ए तैयबा का अतीत में पाकिस्तान के साथ कुछ लिंक मिले हैं। उन्होंने कहा कि अब ये आतंकी संगठन खत्म हो चुका है। ऐसे में पाकिस्तान के साथ लश्कर का लिंक मिलने का ये मतलब नहीं है कि हम इसको मदद करते हैं। इन बातों से स्पष्ट है कि आखिर पाकिस्तान आतंकवाद फैलाने जैसा 'गंदा काम' क्यों कर रहा है? और जब यह बात साफ हो चुकी है तो भारत को ऐसा निर्णायक पलटवार करना चाहिए कि उनके होश ठिकाने में आ जाएँ चूँकि भारत सत्य के साथ खड़ा है, इसलिए देर सबेर जीतेगा भारत और हारेंगे षड्यंत्रकारी! बस रूस पुराणी दोस्ती निभाता रहे और भारत उसके प्रति वफादार बना रहे!***




भारत को पता होना चाहिए कि अंतर्राष्ट्रीय हथियार लॉबी दशकों से उसके पीछे पड़ी हैं। यहाँ के लोग भी यह महसूस कर रहे होंगे कि भारत में बढ़ते आतंकवादी हमलों, नक्सली हमलों और अंडरवर्ल्ड के गैंगवार के बाद हमारी सरकार ने आधुनिक हथियार और सुरक्षा उपकरण खरीदी। जब अंतर्राष्ट्रीय महकमे में पाकिस्तान को आतंकवाद पैदा करने की फैक्ट्री मान लिया गया है, तब भी यदि उसके खिलाफ कोई मजबूत वैश्विक कार्रवाई नहीं हुई तो ऐसा सिर्फ इसलिए कि वह दुनियावी हथियार और सुरक्षा उपकरण निमार्ता कम्पनियों और उनके संरक्षक मूल राष्ट्रों के हाथों का खिलौना बन चुका है। ये देश कोई और नहीं बल्कि अमेरिका, रूस, चीन, ब्रिटेन, फ्रांस, इजरायल, जर्मनी, तुर्किये आदि जैसे देश हैं जिन्हें मौत का सौदागर कहना ज्यादा उचित रहेगा! दरअसल, यह बात मैं नहीं कह रहा हूँ बल्कि इसका एक क्लू पाकिस्तान के रक्षा मंत्री ख्वाजा आसिफ के बयानों से मिला है, जिसके बाद अपने पाठकों को ह्यहह्न से ह्यहलंतह्न तक की बात समझा रहा हूँ वैसे तो भारतीय नेतृत्व के लिए भी यह बात जानना-समझना जरुरी है! हालाँकि उसके पिछले एक दशक के रूख से यही प्रतीत होता है कि वह सबकुछ समझ रहा है और बार-बार दुनिया को यह नसीहत भी दे रहा है कि यह युद्ध नहीं बल्कि बुद्ध का समय है।

ऐसे में संभव है कि भारत को युद्ध की जाल में उलझाकर चीन को बर्बाद करना अमेरिका-ब्रिटेन समेत नाटो देशों की यह एक नई चाल हो, जैसा कि उन्होंने रूस के खिलाफ यूक्रेन को भड़का कर अपना नापाक लक्ष्य पूरा किया। चूँकि चीन-रूस के प्रगाढ़ रिश्तों से अमेरिका-चीन के रिश्ते खटाई में पड़ते जा रहे हैं, वहीं भारत का नेतृत्व रूस, अमेरिका और चीन से एकसमान रिश्ते रखना चाहता है ताकि युद्ध की बजाय विकास को गति दी जा सके। ऐसे में अंतर्राष्ट्रीय जगत के सामने कटोरा लेकर खड़ा रहने वाले देश पाकिस्तान को ह्यउनकेह्न ही इशारे पर पहलगाम आतंकी हमले को अंजाम दिलवा दिया, ताकि मोदी सरकार के सब्र की बांध टूटे, फिर वह पाकिस्तान पर हमला करे। तत्पश्चात पाकिस्तान को बचाने चीन आएगा और जब ऐसा होगा तो भारत-चीन के बीच भड़कने वाले युद्ध में पश्चिमी देश भारत का साथ देंगे और फिर जैसे यूक्रेन को उसकी कीमती खनिज सम्पदा के लिए ब्लैक मेल किया कुछ वैसा ही भारत के साथ भी करेंगे। हालाँकि भारत ने इस बार कूटनीतिक सर्जिकल लड़ाई को अपना नया हथियार बनाया और ताबड़तोड़ पांच प्रतिबन्ध उसपर थोप दिए। आगे सबक सिखाने की तैयारी में भारतीय नेतृत्व जुटा हुआ है। इसी बीच घबराए पाकिस्तान ने यानी उसके रक्षा मंत्री ख्वाजा आसिफ ने पहलगाम में आतंकी हमले के बाद जो अर्द्धसत्य स्वीकार किया है, वह हैरान करने वाला बयान समझा जा रहा है। लेकिन इसके पीछे की एक और कड्वी सच्चाई जिसे वे चालाकी पूर्वक छिपा लिए, वह है अमेरिका का मजबूत अंतर्राष्ट्रीय विकल्प बनते जा रहे चीन और उसके समर्थक उत्तरपूर्वी देशों और मध्य पूर्व के देशों का नाम, जो हर भारतीय को जानना चाहिए! क्योंकि यदि उन्होंने ऐसी साफगोई दिखा दी होती तो चीन के साथ परवान चढ़ रहे रिश्ते खराब हो जाते! यहाँ यह भी संभव है कि भारत के कड़े रूख के मद्देनजर उन्होंने जानबुझकर अमेरिका, ब्रिटेन आदि का नाम रणनीतिक रूप से लिया है, क्योंकि पाकिस्तान के साथ उनके रिश्ते अब वैसे प्रगाढ़ नहीं रहे जैसे कि पहले हुआ करता था! ऐसा इसलिए कि पाकिस्तान अब उनके प्रबल प्रतिद्वंद्वी चीन के खेमे में जा चुका है। आज चीन के साथ रूस, उत्तर कोरिया, तुर्की, ईरान, जर्मनी आदि जैसे देश हैं, जिनमें से कई के साथ भारत के समझदारी भरे रिश्ते हैं। हालाँकि उनका यह बयान भारत और रूस के लिए आंख खोलने वाला है। भारत को पता होना चाहिए कि अंतर्राष्ट्रीय हथियार लॉबी दशकों से उसके पीछे पड़ी हैं। यहाँ के लोग भी यह महसूस कर रहे होंगे कि भारत में बढ़ते आतंकवादी हमलों, नक्सली हमलों और अंडरवर्ल्ड के गैंगवार के बाद हमारी सरकार ने आधुनिक हथियार और सुरक्षा उपकरण खरीदी। चूँकि आतंकवाद का ह्यबापह्न पाकिस्तान और नक्सलवाद का बाप ह्यचीनह्न भारत के पड़ोसी हैं, इसलिए भारत इससे ज्यादा प्रभावित होता आया है हमारी 'मुर्ख सरकारें' भी फर्जी धर्मनिरपेक्षता, मन्दिर-मस्जिद, आरक्षण और सामाजिक न्याय, भाषा और क्षेत्र के नाम पर भारतीयों को बरगलाती रहीं और आतंकवाद, नक्सलवाद और संगठित अपराध के खिलाफ भारतीयों में सद्प्रेरणा पैदा नहीं कीं, क्योंकि विदेशी पूंजीपतियों के एजेंट भारतीय पूंजीपति भी यही चाहते थे। नई आर्थिक नीति की आड़ में इनलोगों ने भारत के जमे जमाये उद्योगों को मार दिया और अमेरिका के शह पर गुणवत्ता हीन चीनी सामानों से भारतीय बाजार को पाट दिया। जबतक मोदी सरकार, मनमोहन सरकार की ह्यदेशद्रोहीह्न कारगुजारियों को समझ पाई और ताबड़तोड़ काउंटर वाले फैसले लिए। इससे परेशान चीनी-अमेरिकी पूंजीपतियों के गिरोह ने कृत्रिम कोरोना महामारी पैदा कर दी। भारत पर दबाव बनाने के लिए चीन गलवान घाटी में घुस आया। हालाँकि मोदी सरकार ने दृढ़ता पूर्वक अंतर्राष्ट्रीय षड्यंत्रों का मुकाबला करते हुए आपदा को अवसर में बदल दिया। उसके बाद रूस-यूक्रेन युद्ध और इजरायल-फिलिस्तीन युद्ध और दक्षिण चीन सागर विवाद के बीच भारत ने संतुलनकारी रूख अपनाया। यही बात बार बार अमेरिका और पश्चिमी देशों को खटक रही है। अभी हाल ही में पाकिस्तान के बलूचिस्तान में खनिज सम्पदा निकालने में अमेरिका ने जो दिलचस्पी दिखाई है, उसके लिंक भी देर-सबेर कश्मीर कांड से जुड़ जाएंगे।

चूँकि पाकिस्तानी रक्षा मंत्री ने दो टूक स्वीकार किया है कि पाकिस्तान आतंकी समूहों को धन मुहैया करा रहा है और उनका समर्थन कर रहा है। ख्वाजा आसिफ ने एक बातचीत के दौरान कहा- हम करीब 3 दशकों से अमेरिका के लिए यह गंदा काम कर रहे हैं। ख्वाजा आसिफ ने अपनी इस प्रवृति के लिए अमेरिका और पश्चिमी देशों को जिम्मेदार ठहराया। ख्वाजा ने एक बयान में माना कि पाक पिछले तीन दशकों से आतंकवाद को पाल रहा है। रक्षा मंत्री ने स्वीकार किया है कि पाकिस्तान आतंकी समूहों को धन मुहैया करा रहा है और उनका समर्थन कर रहा है। मसलन वायरल हो रहे इस आशय के एक वीडियो क्लिप में पाकिस्तान के रक्षा मंत्री स्काई न्यूज के यल्दा हकीम से बातचीत कर रहे हैं, जब वह उनसे पूछती हैं, 'आप मानते हैं सर, कि पाकिस्तान का इन आतंकी संगठनों को समर्थन देने, प्रशिक्षण देने और धन मुहैया कराने का लंबा इतिहास रहा है? ख्वाजा आसिफ ने अपने जवाब में कहा, 'हम करीब 3 दशकों से अमेरिका के लिए यह गंदा काम कर रहे हैं..ख्वाजा आसिफ ने आगे कहा, ब्रिटेन समेत पश्चिम... यह एक गलती थी, और हमें इसके लिए भुगतना पड़ा, और इसीलिए आप मुझसे यह कह रहे हैं।

# भारत के लिये स्थाई सिरदर्द बन चुका आतंक पोषक पाकिस्तान




जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में गत 22 अप्रैल को हुए बर्बरतापूर्ण व अमानवीय आतंकी हमले को देश जल्दी भुला नहीं पायेगा। इसमें 27 बेगुनाहों की जान चली गई जिनमें अधिकांश देश के विभिन्न राज्यों से आये हुये पर्यटक शामिल थे। इस अमानवीय घटना की जितनी भी निंदा की जाये वह कम है। इस घटना के बाद राजनीति, भारतीय मीडिया, सोशल मीडिया, पक्ष और विपक्ष से जुड़े कई ऐसे पहलू थे जिनपर चर्चा होनी स्वभाविक थी और वह हुई भी। जैसे इस त्रासदी को मुख्य धारा के कहे जाने वाले टी वी चैनल्स ने एक बार फिर 'एजेंडा रिपोर्टिंग' की तर्ज पर पेश कर देश में विभाजनकारी माहौल बनाने की पूरी कोशिश की। और इस आतंकी हमले को हिंदू बनाम मुस्लिम के रूप में पेश करने का भरसक प्रयास किया। इन टी वी चैनल्स को हमले के बाद कश्मीर सहित पूरे देश में इस हमले के विरुद्ध उपजी सहानुभूति, एकजुटता, पर्यटकों को बचाने, उन्हें पनाह देने व आतंकियों का बहादुरी से मुकाबला करते हुये स्थानीय कश्मीरी की जान देने व पर्यटकों के प्रति मानवता से पेश आने के दृश्य नजर नहीं नजर आये। न ही सुरक्षा एजेंसियों की लापरवाही न ही 'आपदा में अवसर' ढूंढने वाली विमानन कंपनियों द्वारा आतंकी हमले की दहशत के परिणामस्वरूप पर्यटकों की वापसी की भारी भीड़ को देखते हुये उनसे आठ से दस गुना तक अधिक किराया वसूल किया जाना दिखाई दिया।

बहरहाल 22 अप्रैल से लेकर अब तक इस विषय को लेकर दोनों देशों की ओर से कई कदम उठाये जा चुके हैं। भारत ने पाकिस्तान के विरुद्ध जो अहम फैसले लिए हैं उनमें मुख्य रूप से भारत-पाकिस्तान के बीच हुये सिंधु जल समझौते को स्थगित करना, अटारी बॉर्डर को बंद करना, भारत आए पाकिस्तानी नागरिकों को इसी मार्ग से लौटने के लिए 1 मई तक की समय सीमा निर्धारित करना, पाकिस्तानी नागरिकों को भारत का वीजा न देना, भारत में मौजूद पाकिस्तानी नागरिकों को भारत छोड़ने के लिए 48 घंटे का समय देना, सभी पाकिस्तानी नागरिकों के वीजा रद्द करना, नई दिल्ली स्थित पाकिस्तानी हाईकमीशन में तैनात पाकिस्तानी डिफेन्स एडवाइजर्स को भारत छोड़ने के लिए एक हफ़्ते का समय देना, तथा दोनों हाई कमीशन में तैनात कर्मचारियों की संख्या 55 से घटाकर 30 तक किया जाना शामिल है। इसके जवाब में पाकिस्तान ने भी भारत के विरुद्ध कई फैसले लिये हैं जिनमें भारत के साथ हुआ शिमला समझौता स्थगित करना, वाघा बॉर्डर से व्यापार पूरी तरह बंद करना, 30 अप्रैल तक जिन लोगों ने वैध कागजों के साथ इस रास्ते से पाकिस्तान प्रवेश किया है, उन्हें वापस लौटने का निर्देश देना, सार्क वीजा छूट योजना के तहत भारतीय नागरिकों को दी गई वीजा छूट खत्म करना (सिख तीर्थयात्रियों को छोड़कर), भारतीय हाई कमीशन में काम कर रहे सैन्य सलाहकारों झ्र डिफेंस, नेवी और एयर अटैची को अवांछित व्यक्ति(स्त्री१२ङ्गल्लं ल्लङ्गल्ल ॅ१ं३ं) घोषित करना और उन्हें व उनके सहायक स्टाफ को 30 अप्रैल तक पाकिस्तान छोड़ने का निर्देश देना, इस्लामाबाद में भारतीय हाई कमीशन के कर्मचारियों की संख्या घटाकर 30 करना, पाकिस्तानी एयरस्पेस को अब भारतीय स्वामित्व या संचालन वाली सभी एयरलाइंस के लिए बंद करना तथा हर प्रकार का व्यापार चाहे वह सीधे भारत से हो या किसी तीसरे देश के जरिए, तत्काल प्रभाव से बंद कर देना जैसी घोषणायें शामिल हैं। उधर दोनों देशों द्वारा एक दूसरे के विरुद्ध उठाये जा रहे इन कदमों के बीच पाकिस्तान की ओर से की गयी एक ऐसी स्वीकारोक्ति ने भारत द्वारा पाकिस्तान के विरुद्ध लगभग चार दशकों से लगाये जा रहे इन आरोपों को सच साबित कर दिया है कि पाकिस्तान आतंकवाद की नर्सरी भी है और पनाहगाह भी। गौरतलब है कि स्काई न्यूज के संवाददाता ने पहलगाम में आतंकी हमले के सन्दर्भ में जब पाकिस्तान के रक्षा मंत्री ख़्वाजा आसिफ से पूछा कि- ₹क्या आप मानते हैं कि पाकिस्तान का इन आतंकी संगठनों को समर्थन देने, प्रशिक्षण देने और धन मुहैया कराने का लंबा इतिहास रहा है? तो ख़्वाजा आसिफ ने स्वीकार किया कि पाकिस्तान आतंकी समूहों को धन मुहैया कराने के साथ-साथ उन्हें हर तरह से समर्थन करता रहा है। ख़्वाजा आसिफ ने एक बातचीत के दौरान कहा कि - ₹हम अमेरिका और ब्रिटेन समेत पश्चिमी देशों के लिए करीब तीन दशकों से यह गंदा काम कर रहे हैं।₹ इसे दूसरे शब्दों में कहा जाये तो पाकिस्तान अमेरिका व ब्रिटेन जैसे पश्चिमी देशों की कठपुतली बनकर आतंकवाद की पनाहगाह व आतंकवादियों का 'मुख्य उत्पादक देश' बना हुआ है। रक्षा मंत्री ख़्वाजा आसिफ ने यह भी कहा कि -'यदि हम सोवियत संघ के विरुद्ध युद्ध में और बाद में 9/11 के बाद के युद्ध में शामिल नहीं होते, तो पाकिस्तान का ट्रैक रिकॉर्ड बेदाग होता।' परन्तु सच पूछिये तो धर्म के आधार पर भारत से विभाजित होकर 1947 में ही अलग अस्तित्व में आने वाले पाकिस्तान में शुरू से ही अधर्म, जोर जबरदस्ती, कट्टरपंथ, हिंसा व आतंकवाद का बोल बाला रहा है। और समय के साथ से यह और भी बढ़ता ही गया है। पाकिस्तानी नेताओं व शासकों द्वारा पोषित व प्रायोजित आतंकवाद का पहला निशाना तो पूर्वी पाकिस्तान (तत्कालीन) के लोग ही बने। बड़े पैमाने पर हत्यायें बलात्कार क्या नहीं किया गया बंगाली मुसलमानों के साथ? तब कहाँ चला गया था इनका 'इस्लामी राष्ट्र'? क्यों 24 वर्षों में ही पाकिस्तान से अलग होकर बांग्लादेश वजूद में आया? उसके बाद पाकिस्तान के अल्पसंख्यकों विशेषकर हिन्दुओं, सिखों, शिया व अहमदिया मुसलमानों पर अत्याचार करने व उनकी हत्याओं का सिलसिला भी कोई केवल तीन दशक की कहानी नहीं है बल्कि यह सब घिनौनी हरकतें पाकिस्तान के वजूद में आते ही शुरू हो गयी थीं।

## इमोशनल ईटिंग को मैनेज करने के लिए अपनाएं ये आसान उपाय



जब आपको कुछ कंफर्टेबल खाने का मन करे, तो एक पल रुकें। गहरी सांस लें और खुद से पूछें कि क्या आपको वाकई भूख लगी है या आप भावनाओं के कारण खा रहे हैं। कभी-कभी, बस खुद को थोड़ा सा आराम देने से आपको यह अहसास हो सकता है कि आपको भूख नहीं है। खाना सीधे तौर पर हमारी सेहत से जुड़ा है। अमूमन लोग अपनी हेल्थ का ख्याल रखते हुए भोजन करते हैं। लेकिन कई बार ऐसा होता है कि लोग इमोशनल ईटिंग से जूझते हैं, फिर चाहे वो तनाव में स्नैकिंग करना हो, दुखी होने पर कंफर्ट फूड खाना हो, या बोरियत के कारण कुछ भी खाना हो। कभी-कभी ऐसा लगता है कि लोग अपने इमोशन को मैनेज करने के लिए खाने को रास्ता बनाते हैं। कुछ आसान तरीकों को अपनाकर आप इमोशनल ईटिंग को आसानी से हैंडल कर सकती हैं-

**ट्रिगर्स की करें पहचानः** अगर आप इमोशनल ईटिंग से बचना चाहते हैं तो ऐसे में आप सबसे पहले ट्रिगर्स की पहचान करें। आपको सबसे पहले यह पहचानना होता है कि आप कब भावनात्मक रूप से खा रहे हैं।

क्या आप इसलिए खा रहे हैं क्योंकि आप तनावग्रस्त, बोरियत, चिंतित या दुखी हैं? एक बार जब आप ट्रिगर की पहचान कर लेते हैं, तो आप भोजन की ओर रुख करने के बजाय इससे निपटने के लिए स्वस्थ तरीके ढूंढ़ना शुरू कर सकते हैं। ऐसे में आप उन ट्रिगर्स की पहचान करें और एक फूड डायरी मेंटेन करें। इससे आपको अपनी फूड हैबिट पर नजर खने में मदद मिल सकती है।

**खाने से पहले रुकेंः** जब आपको कुछ कंफर्टेबल खाने का मन करे, तो एक पल रुकें। गहरी सांस लें और खुद से पूछें कि क्या आपको वाकई भूख लगी है या आप भावनाओं के कारण खा रहे हैं। कभी-कभी, बस खुद को थोड़ा सा आराम देने से आपको यह अहसास हो सकता है कि आपको भूख नहीं है।

**कंफर्टेबल फूड के विकल्प ढूंढेः** अगर आपको इमोशनल ईटिंग की आदत है तो ऐसे में अनहेल्दी स्नैक्स खाने की बजाय उसके कुछ हेल्दी विकल्पों पर स्विच करने का विचार करें। मसलन, अगर आपको कुछ कुरकुरा खाने की इच्छा हो रही है, तो ऐसे में आप गाजर की स्टिक या खीरा आजमाएं। यदि आप कुछ मीठा चाहते हैं, तो जामुन या सेब जैसे फल का सेवन करें।

**रहें एक्टिव :** परेशान होने पर आप इमोशनल ईटिंग करने की जगह फिजिकल एक्टिव रहने की कोशिश करें। फिजिकल एक्टिव रहने से आपको तनाव को दूर करने और भावनाओं को मैनेज करने का एक शानदार तरीका है।

आप टहलने से लेकर योग करने या फिर डांसिंग तक का सहारा ले सकती हैं।

# मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने किया गंगा एक्सप्रेसवे निर्माण कार्य का निरीक्षण, दिए अहम दिशा-निर्देश

## गंगा एक्सप्रेसवे से औद्योगिक विकास, निवेश और रोजगार को मिलेगा बढ़ावा मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ

वेलकम इंडिया हरेन्द्र शर्मा









**हापुड़।** जनपद में उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने गंगा एक्सप्रेसवे के निर्माण कार्य का स्थलीय निरीक्षण किया। यह परियोजना राज्य की सबसे बड़ी और महत्वाकांक्षी बुनियादी ढांचा परियोजनाओं में से एक है, जो मेरठ से प्रयागराज तक लगभग 594 किलोमीटर लंबी होगी। इसका उद्देश्य प्रदेश के पश्चिमी और पूर्वी हिस्सों को जोड़ना है, जिससे औद्योगिक, कृषि, व्यापार, पर्यटन और निवेश के नए अवसर उत्पन्न होंगे।मुख्यमंत्री ने किया स्थलीय निरीक्षण मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने हापुड़ जिले की गढ़मुक्तेश्वर तहसील के आलमनगर बांगर गांव के समीप गंगा एक्सप्रेस वे पर निमार्णाधीन ओवर ब्रिज जिसकी लम्बाई 960 मीटर है, जिसका भौतिक निर्माण कार्य पूर्ण हो चुका है, का स्थलीय निरीक्षण किया। गंगा एक्सप्रेसवे का यह पुल मेरठ के प्रा ?रम्भिक बिन्दु से 66.85 किमी की दूरी पर है। इस दौरान आई0आर0बी0 के परियोजना निदेशक श्री अनूप कुमार सिंह ने माननीय मुख्यमंत्री जी को गंगा एक्सप्रेसवे के निर्माण के विषय में विस्तार से जानकारी दी। माननीय मुख्यमंत्री जी ने कार्य की भरपूर प्रशंसा की और समय पर गंगा एक्सप्रेसवे के सभी कार्यों को पूर्ण कराने के निर्देश दिये। माननीय मुख्यमंत्री जी ने गंगा एक्सप्रेस–वे निर्माण कार्य करने वाले श्रमिकों से मुलाकात की और उनको बधाई देते हुए श्रमिकों के साथ एक ग्रुप फोटो खिंचवाई। स्थलीय निरीक्षण के दौरान उत्तर प्रदेश मुख्य सचिव मनोज कुमार सिंह, सांसद अमरोहा कंवर सिंह तंवर, क्षेत्रीय अध्यक्ष पश्चिमी उत्तर प्रदेश भाजपा श्री सत्येंद्र सिसोदिया, डी आई जी मेरठ, जिलाधिकारी हापुड़ साथ रहे। गंगा एक्सप्रेसवे के निर्माण से उत्तर प्रदेश के आर्थिक परिदृश्य में बड़े बदलाव होंगे। यह एक्सप्रेसवे मेरठ, बुलंदशहर, हापुड़, अमरोहा, संभल, बदायूं, शाहजहांपुर, हरदोई, उन्नाव, रायबरेली, प्रतापगढ़ और प्रयागराज जिलों को जोड़ेगा। यह न केवल राज्य के औद्योगिक और आर्थिक विकास को गति मिलेगी, बल्कि छोटे शहरों और ग्रामीण इलाकों को भी राज्य की मुख्यधारा से जोड़ा जाएगा। इससे कृषि, व्यापार, पर्यटन और निवेश के नए अवसर पैदा होंगे। छोटे शहरों और ग्रामीण इलाकों की कनेक्टिविटी बेहतर होगी, जिससे निवेशकों का विश्वास बढ़ेगा और युवाओं के लिए रोजगार के नए अवसर खुलेंगे। यह परियोजना उत्तर प्रदेश के विकास को नई गति प्रदान करेगी और राज्य को बुनियादी ढांचे, निवेश और रोजगार के क्षेत्र में अग्रणी बनाएगी।

### गंगा एक्सप्रेस–वे परियोजना, ग्रुप-1 (मेरठ-बदायूँ) का संक्षिप्त विवरण

गंगा एक्सप्रेस–वे परियोजना राज्य की सबसे बड़ी और महत्वाकांक्षी बुनियादी ढांचा परियोजनाओं में से एक है, जो मेरठ से प्रयागराज तक लगभग 594 किलोमीटर लंबी होगी। गंगा एक्सप्रेस–वे मेरठ, हापुड़, बुलंदशहर, अमरोहा, संभल, बदायूं, शाहजहांपुर, हरदोई, उन्नाव, रायबरेली, प्रतापगढ़ और प्रयागराज जिलों को जोड़ेगा। इस परियोजना को चार भागों में पूर्ण किया जा रहा है, जिसमें मेरठ से 129.70किमी तक प्रथम भाग है। जिसमें प्राम्भिक बिन्दु से 66.85किमी की दूर स्थित गंगा नदी पर 960 मीटर का दीर्घ सेतु का निर्माण हुआ है, जिसका आज माननीय मुख्यमंत्री द्वारा स्थलीय निरीक्षण किया गया। मुख्यमंत्री महोदय ने दिए निर्देश निरीक्षण के दौरान मुख्यमंत्री ने स्पष्ट निर्देश दिए कि निर्माण कार्य में गुणवत्ता के उच्चतम मानकों का पालन किया जाए। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि सभी कार्य निर्धारित समयसीमा के भीतर पूरे होने चाहिए जिससे कि प्रदेश के नागरिक जल्द से जल्द इस महत्वपूर्ण परियोजना का लाभ उठा सकें। इस दौरान विधायक हापुड़ विजयपाल आढती, विधायक गढ़मुक्तेश्वर हरेंद्र तेवतिया, जिला अध्यक्ष नरेश तोमर, धर्मेंद्र भारद्वाज एमएलसी, श्री चंद शर्मा जी एएलसी, सतपाल सैनी एमएलसी/संगठन के प्रभारी मंत्रीसहित अन्य जनप्रतिनिधि व कान्ट्रैक्टर मैसर्स आई0आर0बी0 इन्फ्रास्ट्रक्चर, मैसर्स एल0एण्डटी0, मैसर्स सी0डी0एस0 के प्रतिनिधियों सहित जिला प्रशासन के अधिकारीगण उपस्थित रहे।

## कोऑपरेटिव बैंक वर्कर्स यूनियन अपने हक के लिए सड़क से सदन तक संघर्ष को तैयार



वेलकम इंडिया

**लखनऊ।** कोऑपरेटिव बैंक वर्कर्स यूनियन, उत्तर प्रदेश द्वारा आयोजित संवाद में सहकारी बैंकों के कर्मचारियों ने वर्षों से लंबित मांगों पर अपनी आवाज बुलंद की। कर्मचारियों ने चेतावनी दी कि यदि शीघ्र समाधान नहीं हुआ तो बड़ा आंदोलन छेड़ा जाएगा।

संवाद में सहकारी बैंकों के एकीकरण, वर्षों से रुकी हुई भर्तियों को शीघ्र शुरू करने, सेवा नियमावली 1975 में संशोधन, ₹एक काम एक दाम₹ नीति लागू करने, और सेवानिवृत्ति आयु 60 से बढ़ाकर 62 वर्ष करने जैसे मुख्य मुद्दों पर गहन चर्चा हुई। प्रदेश महामंत्री शिशिर शर्मा ने कहा कि सहकारी बैंकों के कर्मचारियों को भी अन्य सरकारी सेवकों की तरह समान सुविधाएं मिलनी चाहिए। उन्होंने बताया कि कर्मचारियों के बढ़ते कार्यभार और सुविधाओं में कमी को लेकर व्यापक रणनीति तैयार कर शासन को ज्ञापन सौंपा जाएगा। संवाद में प्रदेश भर से प्रमुख पदाधिकारियों ने भाग लिया और संघर्ष को मजबूती देने का संकल्प लिया। बैठक का संचालन शुभम तिवारी, मोहम्मद जुबेर, प्रवीण बाल्यान, अनिल कुमार, विक्रांत गुप्ता, अमित कुमार गोस्वामी, मनीष शर्मा, सर्वेंद्र कुमार, रामदेव बिंद, राजमहेंद्र, नेत्रपाल सिंह, शैलेश मिश्रा, रविंद्र सिंह, आयुष द्विवेदी, राहुल यादव, महेश यादव, रमेश चंद, श्रीमती माधुरी सिंह और अन्य वरिष्ठ साथियों द्वारा किया गया। इन सभी साथियों ने कर्मचारियों की एकता और संघर्ष को नई दिशा देने के लिए विशेष भूमिका निभाई। सभी ने एक स्वर में कहा कि अब अधिकारों के लिए निर्णायक संघर्ष किया जाएगा।

## छायादार व खुशबूदार वृक्ष बढ़ाएंगे अमृत सरोवर की शोभा

वेलकम इंडिया



**मथुरा/गोवर्धन।** पर्यावरण संरक्षण अभियान के तहत कुन्जेरा गांव की धरा को हरा भरा बनाने एंव स्वच्छ वातावरण का एहसास कराने के लिए प्रमुख समाजसेवी हरी सिंह दूधिया व राजपाल उर्फ रज्जौ ठेकेदार ने खण्ड विकास अधिकारी, ग्राम प्रधान, सेक्रेटरी एवं ग्रामीणों के नेतृत्व में करीब 400 पोधे रोपकर सुरक्षा का संकल्प लिया।

रविवार को कुन्जेरा गांव के अमृत सरोवर पर आयोजित कार्यक्रम का शुभारंभ विकास खंण्ड गिरीश ग्रीस चंद्र पंत ने पोधा रोपकर किया। कहा कि वृक्ष न केवल जीवनदायिनी हैं, बल्कि ये जलवायु संतुलन, जैव विविधता और स्वच्छ वातावरण के लिए अनिवार्य हैं। प्रत्येक व्यक्ति का कर्तव्य है कि वह पृथ्वी को हरा-भरा बनाए रखने में योगदान दें। अमृत सरोवर पर बिजली की समस्या हैं जल्द निस्तारण कराया जायेगा। ग्राम प्रधान देवी सिंह पटेल, सेक्रेटरी यतिन शर्मा व सेक्रेटरी चौहल सिंह ने कहा कि पर्यावरण और जीवन का अटूट संबंध है। पर्यावरण संरक्षण का दायित्व प्रत्येक व्यक्ति का है। हमारे पूर्वजों द्वारा लगाए गए वृक्षों का लाभ हमें मिल रहा है। हमारे आस-पास हरियाली दिख रही है। इस कर्तव्य को पूरा करने का दायित्व प्रत्येक व्यक्ति का है। पर्यावरण को बचाना सबकी जिम्मेदारी है। राजपाल उर्फ रज्जौ ठेकेदार ने बताया कि चन्द्र सरोवर व आसपास करीब 400 पोधे छायादार ,खुशबूदार व फलदार एंव औषधीय पोधे रोपकर सुरक्षा का लिया संकल्प लिया। जिसमें चम्पा, बोतल पाम, फाइकस, पेंडुला अशोक, पीपल, पाखड़, बरगद, शीशम व नींम, अर्जुन, वटवृक्ष, तमाल, देशी कदम, जामुन, अर्जुन, वटवृक्ष, तमाल, आदि प्रकार के पौधे रोपे गए हैं। कहा कि चन्द्र सरोवर पर बिजली न होने से पौधों में पानी की सिचाई करने की परेशानी होती है। इस अवसर पर मनफूल दूधिया, सतीश दूधिया, महावो सिंह, चरन सिंह, रग्गो सिंह, डॉ. हुकम सिंह, राम किशन बघेल, हन्ना सिंह, शिब्बो दूधिया, कलुआ दूधिया आदि उपस्थित रहे।

## अधिवक्ता समुदाय के प्रति समर्पण कोषाध्यक्ष पद के प्रत्याशी: अरुण कुमार गिरी (हेमू)

वेलकम इंडिया



**लखनऊ।** आगामी सेंटर बार एसोसिएशन लखनऊ के चुनाव में कोषाध्यक्ष पद के प्रत्याशी अरुण कुमार गिरी (हेमू) ने अपने अधिवक्ता समुदाय के प्रति समर्पण और संघर्ष को जारी रखा है। अरुण कुमार गिरी (हेमू) ने अपने पूरे प्रैक्टिस के दौरान अधिवक्ताओं के हितों के लिए निरंतर संघर्ष किया है। प्रदेश भर में चल रहे हड़तालों में उन्होंने सक्रिय भूमिका निभाई है, चाहे वह हापुड़ बार एसोसिएशन हो या कानपुर बार एसोसिएशन। बीते एक माह से सेंटर बार एसोसिएशन लखनऊ के चुनाव की तैयारियों के बीच भी, हेमू ने सभी अधिवक्ताओं के सुख-दुख में कंधे से कंधा मिलाकर खड़े रहने का प्रयास किया है। उनका उद्देश्य अधिवक्ता समुदाय के हित में कार्य करना और उनकी आवाज बनना है। हेमू ने आश्वस्त किया है कि वह भविष्य में भी अधिवक्ताओं के हितों के लिए समर्पित रहेंगे और उनकी समस्याओं का समाधान करने के लिए निरंतर प्रयासरत रहेंगे।



## बुजुर्ग महिला के गले की सोने की माला चोरी होने का पुलिस ने36 घण्टे में ही किया खुलासा

वेलकम इंडिया

**बागेश्वर,** बैजनाथ पुलिस द्वारा एक बुजुर्ग महिला के गले की सोने की माला चोरी होने की शिकायत दर्ज होते ही पुलिस ने घटना के मात्र 36घण्टे में ही चोरी का खुलासा कर दिया है ।बैजनाथ थाना क्षेत्र के गागरीगोल निवासी नंदन सिंह द्वारा अज्ञात चोरों ने उनकी बुजुर्ग माता के गले की सोने माला चोरी करने की प्राथमिकी दर्ज कराई। जिस पर थाना बैजनाथ में धारा- 305(ए) बीएनएस में मामला दर्ज कर शीघ्र जांच शुरू कर दी। मामले की गम्भीरता को देखते हुए पुलिस अधीक्षक द्वारा त्वरित संज्ञान लेते हुए पुलिस उपाधीक्षक अजय लाल साह के पर्यवेक्षण में पुलिस टीम गठित कर अभियुक्त की गिरफ्तारी हेतु आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। पुलिस टीमों द्वारा क्षेत्र में आसपास सभी लोगों से सुरागपतारसी व पूछताछ करते हुए घटनास्थल व उसके आसपास लगे सभी सीसीटीवी कैमरे चैक करते हुए संदिग्ध व्यक्तियों से पूछताछ की गई एवं पुलिस द्वारा प्रकरण में त्वरित कार्यवाही व सुराग पतारसी करते हुए घटना में संलिप्त दो शातिर अभियुक्तो की शिनाख्त होते ही उनसे गहनता से पूछताछ की गई ।पूछताछ में पकड़े गए आरोपियों ने बताया कि बुजुर्ग के घर में काम करने के दौरान मौका देखकरमामले का खुलासा करते हुए सीओ अजय साह ने बताया कि पकड़े गए दोनों अभियुक्तों ने बड़ी ही चतुराई से बुजुर्ग माता के गले की सोने की माला चोरी कर ली थी।

## अस्तियां विसर्जन करने आया श्रद्धालु गंगा में डुबा हुई मौत

नरौरा/बुलंदशहर/राजघाट में आवामस्या पर अस्थियां विसर्जन करने आगरा के प्रकाश नगर से गंगा घाट राजघाट आए थे अस्तियां गंगा में विसर्जन की और गंगा स्नान करने स्नान करते–करते उसका भाई गहरे जल में पहुंच गया जल अधिक होने के कारण वह गंगा में डुब गया उसको बचाने के चक्कर में उसके भाई ने गंगा नदी से बचाने का प्रयास किया लेकिन उसको तो बचा लिया लेकिन अपनी जान गंवा दी यह सुनकर परिवार वालों में कोहराम मच गया इसकी सूचना तुरंत राजघाट चौकी प्रभारी वीरेन्द्र सिंह को दी मौके पर पहुंची पुलिस ने गोताखोर व स्थानीय लोगों की मदद से कड़ी मकसद के बाद गंगा नदी से 40 मिनट में शव बरामद कर लिया उसको आनन–फानन में डिबाई अस्पताल ले गए जहां डाक्टरों ने मृत घोषित कर दिया राजघाट चौकी प्रभारी वीरेन्द्र सिंह ने बताया कि वह आगरा के प्रकाश नगर के निवासी हैं वह अपनी मां की अस्तियां विसर्जन करने आया था उसका नाम ध्रुव पुत्र लक्ष्मी नारायण उम्र लगभग 18 वर्ष है पुलिस अस्पताल पहुंची पर उससे पहले ही शव को परिजन अपने साथ आगरा ले गए।

## पीएंडयू-डी एवं एमआरियंस राइजर्स के मध्य हुआ रोमांचक मुकाबला

वेलकम इंडिया

**मथुरा।** इंडियन ऑयल मथुरा रिफाइनरी द्वारा समय-समय निरंतर कर्मचरियों के लिए उनके स्वास्थ्य को हिट-फिट रखने हेतु क्लब के माध्यम से विभिन्न आयोजन किए जाते रहते हैं। ऐसा ही एक क्रिकेट टूनामेंट का आयोजन मथुरा रिफाइनरी एम्पलॉइज क्लब के तत्वावधान में किया गया, जिसका शुभारंभ फरवरी माह में हुआ। यह क्रिकेट टूनामेंट तीन महीने तक चला, जिसमें मथुरा रिफाइनरी के अधिकारियों एवं कर्मचारियों की 13 टीमों ने प्रतिभाग किया। क्रिकेट टूनार्मेंट का फाइनल मुकाबला रविवार के दिन एमआरियंस राइजर्स एवं पीएंडयू-डी के मध्य खेला गया। दोनों ही टीमों के मध्य खेला गया फाइनल मुकाबला बड़ा ही रोमांचक रहा, जिसमें खिलाड़ियों सहित नगरवासियों ने बढ-चढ़कर भाग लिया। फाइनल मुकाबले में पीएंडयू-डी ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए 20 ओवर में 8 विकेट के नुकसान पर 142 रन बनाए। वहीं एमआरियंस राइजर्स ने 20 ओवर में 7 विकेट के नुकसान पर 132 रन बनाए। पीएंडयू-डी ने 10 रन से मथुरा रिफाइनरी क्रिकेट टूनार्मेंट का मुकाबला जीतकर परचम लहराया। मैन ऑफ द मैच राहुल कुमार रहे एवं मैन ऑफ द सीरीज विनय भारती रहे। बेस्ट बल्लेबाज विमल केबी रहे एवं बेस्ट बोलर प्रदीप कौशिक रहे। मथुरा रिफाइनरी के कार्यकारी निदेशक व रिफाइनरी प्रमुख मुकुल अग्रवाल ने फाइनल मैच का लुत्फ उठाते हुए खेल-कूद के प्रति लोगों को उत्साहित किया। विजेता टीम पीएंडयू-डी के कप्तान पपई साहा ने खिलाड़ियों के साथ जीत का जश्न मनाया। वहीं रनर-अप टीम एमआरियंस राइजर्स के कप्तान सोनू मौर्या ने विजेता टीम को टूनार्मेंट का फाइनल मुकाबला जीतने पर बधाई देते हुए आगामी समय में और बेहतर प्रदर्शन करने की बात कही।



# सुभाष चंद्रा फाउंडेशन खेल केंद्र का उत्कृष्ट प्रदर्शन

वेलकम इंडिया




**हरियाणा/हिसार (राजेश सलूजा)** : 47 वी सीनियर राष्ट्रीय हैंडबाल चैंपियनशिप जो अम्बेडकर नगर उत्तरप्रदेश में सम्पन्न हुई में हरियाणा स्टेट टीम ने कांस्य पदक प्राप्त करने वाली टीम में मुख्य चार खिलाड़ी सुभाष चंद्रा फाउंडेशन हैंडबाल खेल केन्द्र गाँव सातरोड के रहे हैं

विपुल सुपुत्र श्री आत्मजीत सिंह गाँव नियाना, मोहित सुपुत्र श्री महावीर सिंह महावीर कॉलोनी हिसार, मनोज सुपुत्र श्री रिसाल सिंह गाँव सरसाना, रोहित पुत्र श्री पवन कुमार गाँव डाबडा ! विपुल को राष्ट्रीय प्रतियोगिता का सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी घोषित किया गया ! खिलाड़ियों ने इस उत्कृष्ट प्रदर्शन का श्रेय सुभाष चंद्रा फाउंडेशन के प्रतिभाशाली कोच श्री सतवीर सिंह पान्नू व हरियाणा खेल विभाग के वरिष्ठ कोच श्री अनूप सिंह कासवा को दिया, ज्ञात रहे कि सुभाष चंद्रा फाउंडेशन द्वारा जिला हिसार के भिन्न- भिन्न गाँव में लगभग 50 खेल केन्द्र स्थापित किये हुए हैं ताकि ग्रामीण अंचल के लड़के -लड़कियाँ खेलों के माध्यम से नशे से दूर रह कर अपने सपनों को साकार कर सकें यही फाउंडेशन का उद्देश्य है सपना है, खिलाड़ियों का फाउंडेशन के खेल केंद्र पर पहुँचने पर फूल मालाओं से गाँव सातरोड के टउ श्री नरेश ग्रेवाल, फाउंडेशन के खेल इंचार्ज सूबे सिंह बेनीवाल, कोच सतवीर सिंह पान्नू, सुमन जाखड़, तमन्ना देवी, महावीर सिंह व गणमान्य व्यक्तियों स्वागत किया ! टउ नरेश ग्रेवाल ने अपने संबोधन में कहा कि हमारे गाँव गर्ल्स सीनियर सैकंडरी स्कूल में जो फाउंडेशन द्वारा हेंडबाल खेल का केन्द्र स्थापित किया हुआ है उसमें लगभग 150 लड़कियाँ सुबह -शाम अभ्यास कर अपने सपनों को साकार कर रही है खिलाड़ियों के स्वागत में गाँव लाडवा की लड़कियों कि खेल नर्सरी व सुभाष चंद्रा फाउंडेशन खेल के केंद्र की लड़कियों का फ्रैंडली मैच भी करवाया गया।

यह जानकारी आज फाउंडेशन के खेल इंचार्ज श्री सूबे सिंह बेनीवाल ने एक प्रेस विज्ञप्ति में दी।

# प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि बिना फार्म रजिस्ट्री के नहीं मिलेगा किसानों को लाभ

वेलकम इंडिया



बुलंदशहर जिला कृषि अधिकारी बुलंदशहर द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है प्रधानमंत्री किसान सम्मन निधि की 20 वीं किस्त जारी होने वाली है उसी के परिप्रेक्ष्य में आप सभी कृषकों को यह बताना अति आवश्यक है कि जिन लोगों की फार्मर रजिस्ट्री नहीं हो पाई है उनकी पीएम किसान की किस्त नहीं आ पाएगी। आप अपनी फॉर्मर रजिस्ट्री नजदीकी जन सेवा केंद्र या राजकीय कृषि बीज भंडार/राजकीय कृषि रक्षा इकाई या अपने लेखपाल से संपर्क कर करा सकते हैं इसके अलावा अपनी ग्राम पंचायत में पंचायत सहायक के माध्यम से भी अपनी फार्मर रजिस्ट्री करा सकते है। जनपद में कुल 446545 कृषक पीएम किसान सम्मान निधि योजना में रजिस्टर्ड है जिनमें से 200216 कृषकों की अभी तक फार्मर रजिस्ट्री हो पायी है। किसानों से फसलों की न्यूनतम समर्थन मूल्यों एवं अन्य योजनाओं में त्वरित (बिना किसी अतिरिक्त दस्तावेज के) खरीद संभव हो सकेगी। किसान की फसल के अनुसार डिजिटल तरीके से फसलों का बीमा संभव होगा। इसके अतिरिक्ति किसानों को किसान क्रेडिट कार्ड द्वारा ऋण आसानी एवं शीघ्रता से मिल सकेगा। फार्मर रजिस्ट्री से किसानों को कई लाभ मिलेंगे। इसके बाद बार-बार ई-केवाईसी कराने की आवश्यकता नहीं रहेगी। बैंक से डिजिटल केसीसी के माध्यम से अधिकतम दो लाख रुपये का लोन बिना किसी दस्तावेज के पात्रता के अनुसार उसी दिन प्राप्त किया जा सकता है। कृषि व कृषि से जुड़े विभाग की सभी योजनाओं में सब्सिडी का लाभ पारदर्शी तरीके से उपलब्ध होगा। किसान को फसली ऋण व फसल बीमा की क्षतिपूर्ति तथा आपदा राहत प्राप्त करने में आसानी होगी। अनाज बिक्री में भी फायदा मिलेगा।

# सांसद ने ग्रामीणों के साथ सुनी पीएम के मन की बात

वेलकम इंडिया



**जोगिया/सिद्धार्थनगर**। विकास खण्ड जोगिया के ग्राम पंचायत हरैया मे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कार्यक्रम मन की बात का सीधा प्रसारण रविवार की सुबह 11बजे किया गया। पीएम के मन की बात कार्यक्रम का आयोजन हरैया ग्राम प्रधान अब्दुल कयूम द्वारा किया गया।डुमरियागंज लोकसभा सांसद जगदंबिका पाल ने ग्रामीणों और भाजपा कार्यकताओं के साथ प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मन की बात को सुना।पीएम ने अपने मन की बात मे देश मे विकास के योजनाओं एवं पौधरोपण समेत कई अहम विषयों पर चर्चा की। पीएम ने एक पेड़ मां के नाम अभियान में बढ़-चढ़कर हिस्सा लेने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम के बाद सांसद जगदंबिका पाल द्वारा प्राथमिक विद्यालय सजनी हरैया के स्कूली बच्चों में किताबों का वितरण भी किया गया। डुमरियागंज लोकसभा सांसद जगदंबिका पाल ने कहा कि प्रधानमंत्री मन की बात कार्यक्रम के जरिए देश के तमाम लोगों तक संदेशों को पहुंचाने के साथ-साथ उनका प्रेरित भी करते हैं। जैसे कि आज उन्होंने कहा कि से पहाड़ों पर ही नहीं कर्नाटक मैं भी किसानों ने उगाया तो सिर्फ एक सेब का एक उदाहरण ना ले उन्होंने अपने बातों से स्पष्ट किया है कि यदि किसान चाहे तो हर वह कार्य अपने प्रयासों से सफल कर सकता है। उन्होंने कहा कि मैं प्रधानमंत्री के मन की बात के कार्यक्रम को कहीं भी सुन सकता हूं लेकिन मैं हमेशा इस कार्यक्रम में अपने ग्रामीण में अपने गांव में लोगों के साथ सुनता हूं और उन विचारों को लिखता हूं और उसे पर यह प्रयास करता हूं कि उसको अपने जीवन में उतर जाए और उसका लाभ जन जन तक पहुंचाया जाए। सांसद जगदंबिका पाल के साथ कार्यक्रम संयोजक अब्दुल कयूम ग्राम प्रधान हरैया, सांसद प्रतिनिधि एसपी अग्रवाल, अजय पाल मंडल अध्यक्ष जोगिया पिछडा मोर्चा, झिनकू पासवान पूर्व प्रधान, विरेंद्र कुमार रोजगार सेवक, विनोद जायसवाल पूर्व प्रधान सजनी, राजेश जायसवाल जोगिया, ज्ञानदास प्रजाति, अनूप सिंह भाजपा मंडल उपाध्यक्ष, सुरेन्द्र शर्मा, शिव पूजन जायसवाल, हरिवदन कनौजिया, कोमल प्रसाद, मुरली, ध्रुव चन्द्र, प्रभु यादव ग्राम प्रधान करौदा मसिना, गुड्डू पासवान, प्रभावित, मीना सहित आदि लोगों ने पीएम के मन की बात सुनी।

# नेशनल यूनियन ऑफ जर्नलिस्ट ने कश्मीर हमले के शहीदों को दी श्रद्धांजलि, कैंडल मार्च निकालने पर हुई चर्चा

वेलकम इंडिया



**प्रयागराज**। जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हाल ही में हुए आतंकी हमले में मारे गए निर्दोष नागरिकों को लेकर देशभर में शोक की लहर है। इसी क्रम में शनिवार को नेशनल यूनियन ऑफ जर्नलिस्ट्स (एनयूजे) प्रयागराज इकाई की ओर से श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। यह आयोजन संगठन के माननीय अध्यक्ष कुंदन श्रीवास्तव के आवास पर आयोजित किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में संगठन के पदाधिकारी एवं सदस्य उपस्थित रहे। श्रद्धांजलि सभा की शुरूआत दो मिनट के मौन से की गई। उपस्थित सभी लोगों ने हमले में जान गंवाने वाले मासूम नागरिकों की आत्मा की शांति के लिए ईश्वर से प्रार्थना की। इस दौरान वातावरण भावुक था और हर किसी की आंखें नम थीं। वक्ताओं ने हमले की कड़ी निंदा करते हुए कहा कि आतंकवाद किसी भी सूरत में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा और इसकी जितनी निंदा की जाए कम है। सभा के दौरान संगठन की ओर से एक प्रस्ताव पास किया गया जिसमें मृतकों के परिजनों को सरकार द्वारा मुआवजा दिए जाने की मांग की गई। इसके साथ ही पत्रकारों की सुरक्षा और कश्मीर जैसे संवेदनशील क्षेत्रों में काम कर रहे मीडिया कर्मियों को विशेष सुरक्षा प्रदान करने की आवश्यकता पर भी बल दिया गया। इस अवसर पर संगठन के कई वरिष्ठ पदाधिकारियों ने अपने विचार व्यक्त किए और भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की। इसके अतिरिक्त आगामी दिनों में प्रयागराज शहर में एक शांतिपूर्ण कैंडल मार्च आयोजित करने का प्रस्ताव भी रखा गया ताकि आमजन को भी इस राष्ट्रीय शोक में शामिल होने का अवसर मिल सके और एकता का संदेश जाए। संगठन के अध्यक्ष कुंदन श्रीवास्तव ने कहा हमारे देश के नागरिकों की सुरक्षा सर्वोपरि है। ऐसे कायराना हमले हमें और अधिक मजबूत बनाते हैं। हम शहीदों को कभी नहीं भूलेंगे और उनके परिजनों के साथ हर कदम पर खड़े हैं। श्रद्धांजलि सभा में अध्यक्ष कुंदन श्रीवास्तव, संगठन मंत्री अखिलेश शुक्ला, प्रवक्ता मनीष द्विवेदी, मंत्री मधुर दरबारी, मंत्री रंजीत निषाद, मंत्री शिव पांडे, मंत्री सौरभ कुमार आदर्श कार्यकारिणी सदस्य शिवजी मालवीय, देवाशीष श्रीवास्तव मोहम्मद नसीम, सदस्य अशरफ अली, शेखर आदर्श, सत्यम कुमार निषाद सहित तमाम पत्रकार साथी उपस्थित रहे।

# पहलगाम में हुई घटना पर गहरा दुख व्यक्त किया मुख्य विधान परिषद् : किरण पाल कश्यप

वेलकम इंडिया



**लखनऊ**। मुख्य विधान परिषद् किरण पाल कश्यप, सदस्य विधान परिषद् और समाजवादी पार्टी के पूर्व मंत्री ने 22 तारीख को पहलगाम में हुई घटना पर गहरा दुख व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि इस घटना से सभी दुखी हैं, चाहे वह किसी भी राजनीतिक दल से संबंधित हों। कश्यप ने कहा कि सरकार के प्रतिनिधियों को इस घटना की जवाबदेही लेनी चाहिए। जब उनसे पूछा गया कि पानी रोकने में कितना समय लगेगा, तो उन्होंने कहा कि इसमें 5-6 साल लग सकते हैं। उन्होंने तत्काल कार्रवाई की मांग की और सुझाव दिया कि सैटेलाइट के माध्यम से चिन्हित करके इन अवैध गतिविधियों को नष्ट किया जाना चाहिए। कश्यप ने जोर देकर कहा कि जब तक ठोस और प्रभावी कार्रवाई नहीं की जाती, तब तक ऐसी घटनाएं होती रहेंगी। उन्होंने कहा कि हम सबको एकजुट होकर देश की रक्षा करनी चाहिए। यह देश की जनता और आम लोगों की मांग है कि सरकार इस मुद्दे पर कड़ी कार्रवाई करे। कश्यप ने सरकार से अपील की कि अगर सरकार कार्रवाई करने में असमर्थ है, तो उसे समय बर्बाद नहीं करना चाहिए। उन्होंने कहा कि सभी एजेंसियों और कानूनों का उपयोग करके तत्काल और प्रभावी कार्रवाई की जानी चाहिए।

# भाजपा ने दी बड़ी जिम्मेदारी, राजेश सलूजा बने मीडिया प्रभारी

वेलकम इंडिया



**हरियाणा/हिसार (राजेश सलूजा)** : भारतीय जनता पार्टी ने बरवाला विधानसभा क्षेत्र बरवाला के मंडल पदाधिकारी की सूची जारी की है। इस सूची में प्रमुख समाजसेवी एवं वरिष्ठ पत्रकार राजेश सलूजा को भाजपा बरवाला मंडल मीडिया प्रभारी की जिम्मेदारी सौंपी है। राजेश सलूजा को यह जिम्मेदारी भाजपा प्रदेश अध्यक्ष मोहनलाल बड़ौली, जिला प्रभारी दीपक शर्मा, प्रदेश महामंत्री सुरेंद्र पूनिया, बरवाला मंडल अध्यक्ष मोनू संदूजा ने सौंपी है। प्रदेश अध्यक्ष मोहनलाल बड़ौली, जिला प्रभारी दीपक शर्मा और प्रदेश उपाध्यक्ष सुरेंद्र पूनिया ने उनके कार्यशैली की सराहना करते हुए उज्वल भविष्य की कामना की। वरिष्ठ पत्रकार राजेश सलूजा ने अपनी इस नियुक्ति पर पार्टी के शीर्ष नेतृत्व का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि पार्टी ने उन्हें जो जिम्मेदारी सौंपी है, उसका वे बखूबी निर्वहन करते हुए पार्टी की नीतियों का जन-जन तक प्रचार करेंगे और अपने पार्टी नेतृत्व की उम्मीदों पर खरा उतरने का हरसंभव प्रयास करेंगे।

बता दें कि राजेश सलूजा पत्रकारिता के साथ-साथ समाजसेवा के कार्यों में भी बढ़ चढ़कर भाग लेते रहते हैं।

# पूरी दुनिया में सबसे घटिया और नापाक देश पाकिस्तान है, इसका नाम बदलकर पाक से नापाक देश घोषित कर देना चाहिए

वेलकम इंडिया



**नई दिल्ली**:जम्मू कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले के बाद पूरा देश में पाकिस्तान के विरोध आक्रोश और गुस्सा है, जगह जगह कैंडल मार्च निकालकर पाकिस्तान को बक्शा ना जाएं पूरा देश प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से अपील कर रहा है। विपक्ष ने भी प्रधानमंत्री के हर फैसले के साथ देने का समर्थन किया है, देश वासियों की मांग है पाकिस्तान को ऐसी सजा दे ताकि उसके कई नस्ल तक याद रखे। वही दिल्ली के मालवीय नगर प्रसिद्ध समाज सेवक डॉक्टर जावेद फारूकी ने भी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से एक अपील किया है । जावेद फारूकी ने कहा देश का हर मुस्लिम प्रधानमंत्री के साथ है वो पाकिस्तान के विरोध कड़ा फैसला ले, पूरी दुनियां में सबसे घटिया देश पाकिस्तान है वर्ल्ड को एक साथ मिलकर आना चाहिए और सबसे पहले पाकिस्तान को नापाक देश घोषित करे, सब मिलकर इस नापाक देश पर अटैक करे, इनका नाम पाक से हटाकर नापाक देश घोषित किया जाना चाहिए नापाक देश की वजह से पूरी दुनियां के मुसलमान और इस्लाम बदनाम होते है, नापाक देश में सिर्फ सैतान रहता है और क्यों की एक सच्चा मुसलमान कभी किसी का बुरा सोच भी नहीं सकता है, हमारे हमारे हुजूर सल्लल्लाहु वसल्लम ने दुनिया में प्यार का संदेश दिया है, लेकिन नापाक देश सिर्फ नफरत और दहशत फैलाता है।

# टांडा में मुख्य मार्ग पर पाइपलाइन मरम्मत के चलते कई घंटे रही जलापूर्ति बाधित

वेलकम इंडिया



**टांडा जिला रामपुर**। नगर के मुख्य मार्ग पर रविवार को बड़ी पानी की पाइपलाइन में लीकेज की मरम्मत के चलते जलापूर्ति बाधित रही। पालिकाध्यक्ष साहिबा सरफराज के निर्देश पर अवकाश के दिन भी पाइपलाइन की मरम्मत कार्य शुरू कराया गया, ताकि नगरवासियों को शीघ्र स्वच्छ और निर्बाध पेयजल आपूर्ति सुनिश्चित की जा सके।

नगर पालिका प्रशासन को रामपुर तिराहे के पास मुख्य पाइपलाइन में लीकेज की जानकारी मिली थी, जिसके बाद तत्परता से मरम्मत कार्य शुरू कराया गया। साथ ही, मुख्य मार्ग सहित नगर के अन्य इलाकों में जहां-जहां पाइपलाइन में लीकेज की शिकायतें प्राप्त हुई हैं, उन सभी स्थानों पर भी शीघ्र मरम्मत कराने की योजना बनाई गई है। बड़ी पाइपलाइन की मरम्मत कार्य के चलते रविवार को सुबह 10 बजे से शाम 5 बजे तक नगर में जलापूर्ति बाधित रही। इस दौरान मुख्य मार्ग पर कार्य होने से वाहन चालकों को भी आवागमन में असुविधा का सामना करना पड़ा। पालिका प्रशासन ने नागरिकों से आवश्यकतानुसार पानी का भंडारण करने और सहयोग बनाए रखने की अपील की। पालिकाध्यक्ष साहिबा सरफराज ने कहा कि स्वच्छ पेयजल आपूर्ति सुनिश्चित करना नगरपालिका का प्रथम दायित्व है। उन्होंने भरोसा दिलाया कि नगर में जहां कहीं भी पाइपलाइन में लीकेज की समस्या सामने आएगी, वहां शीघ्रता से मरम्मत कराई जाएगी। उन्होंने कहा कि नगरवासियों की समस्याओं का त्वरित समाधान उनकी सर्वोच्च प्राथमिकता है।

# सिर पर नीली पगड़ी तथा गले में नीला पटका डाले युवा जोश में लबरेज डॉ विकास शर्मा ने झांकी को बाबा साहब की ध्वजा दिखा किया शुभारंभ

वेलकम इंडिया जितेन्द्र कुमार



**हाथरस**। में संविधान शिल्पी डॉ. बीआर आंबेडकर की भव्य शोभायात्रा शनिवार को निकाली गई। वहीं शहर के वरिष्ठ समाजसेवी फॉकस अल्ट्रासाउंड सेंटर के डायरेक्टर डॉ विकास शर्मा ने पंहुचकर सर्व प्रथम विशाल शोभायात्रा में बाबा साहब को माल्यार्पण कर एवं झांकी को बाबा साहब की ध्वजा दिखा कर शोभायात्रा में शामिल झांकी का शुभारंभ किया। डॉ विकास शर्मा के पहुंचने से वहां पर मौजूद अनुयायियों ने जय भीम और बाबा साहब के नारे लगाए। सबसे देखने की खास बात यह रही कि डॉक्टर विकास शर्मा भी गले में नीला पटका डाले युवा जोश में लबरेज दिखाई दे रहे थे। यंहा पर लोगों द्वारा डां विकास शर्मा का नीली पगड़ी, फूलमाला और प्रतीक चिन्ह भेंट कर भव्य स्वागत और अभिनदंन किया। विकास शर्मा ने कहा कि भीमराव अंबेडकर की शोभायात्रा में अक्सर लोग शामिल होते हैं, जिनमें उनके अनुयायी, छात्र, और विभिन्न सामाजिक संगठन शामिल होते हैं। शोभायात्रा में बैंड और बाजे का उपयोग करके एक उत्सव का माहौल बनाया जाता है। झांकियों में बाबा साहेब के जीवन और सिद्धांतों को दशार्या जाता है। बाबा साहेब की प्रतिमा को रथ या डोले पर रखकर शोभायात्रा में शामिल किया जाता है। शोभायात्रा में लोग बाबा साहेब को श्रद्धांजलि देते हैं। डॉ विकास शर्मा ने कहा कि संगठित रहो और संघर्ष करो को अपने जीवन में आत्मसात करके नाम रोशन करें तथा मद्यपान और जुआ आदि बुरी प्रवृत्ति को छोड़कर बच्चों को शिक्षित बनाएं।

# प्राथमिक विद्यालय जौलीगढ़ में हुआ एआरपी का विदाई समारोह



वेलकम इंडिया

बुलंदशहर विकास क्षेत्र अगौता के पीएमश्री प्राथमिक विद्यालय जौलीगढ में तीन अन्य ब्लाक के शिक्षकों का अगौता ब्लाक में एआरपी पद पर कार्यकाल पूरा होने पर ब्लाक अगौता से उनके एआरपी विदाई समारोह का आयोजन किया गया।

विद्यालय की प्रधानाध्यापक इमराना जाहिद की अध्यक्षता में आयोजित हुए इस कार्यक्रम में विकास क्षेत्र शिकारपुर की प्रतिमा राजौरा, विकास क्षेत्र बुलंदशहर की मुनेश व विकास क्षेत्र अनूपशहर के मनीष अरोरा को विकास क्षेत्र अगौता में अपने कार्यकाल के दौरान शिक्षा के उन्नयन हेतु किए गए उत्कृष्ट कार्य के लिए सम्मानितकिया गया व विकास क्षेत्र अगौता से विदाई दी गई। तीनों एआरपी को बेसिक शिक्षा विभाग के मिशन प्रेरणा व निपुण भारत मिशन के अंतर्गत ब्लाक में अत्यंत परिश्रम से कार्य करने व विकास क्षेत्र अगौता को निपुण ब्लाक बनाने में उनके योगदान की सराहना की गई।

# सुप्रीम कोर्ट बार एसोसिएशन और चीफ जस्टिस इलेवन के बीच खेला गया प्रदर्शनी टी20 मैच

वेलकम इंडिया



**नई दिल्ली**:सुप्रीम कोर्ट बार एसोसिएशन और चीफ जस्टिस इलेवन के बीच खेला गया प्रदर्शनी टी20 मैच।सुप्रीम कोर्ट बार एसोसिएशन और चीफ जस्टिस इलेवन के बीच रविवार को एक क्रिकेट मैच खेला गया। इस टी-20 फ्रेंडली मैच में सुप्रीम कोर्ट के मुख्य न्यायाधीश सहित कई वरिष्ठ जजों, वकीलों और सुप्रीम कोर्ट बार एसोसिएशन के अध्यक्ष कपिल सिब्बल ने हिस्सा लिया। यह वार्षिक टूनार्मेंट जनवरी से चल रहा था और आज इसका समापन पुरस्कार वितरण के साथ हुआ। मैच में चीफ जस्टिस इलेवन की कप्तानी मुख्य न्यायाधीश ने की, जबकि खेल का नेतृत्व जस्टिस दीपांकर दत्ता ने किया।टीम में जस्टिस केवी विश्वनाथन, जस्टिस अरविंद कुमार, जस्टिस एनकोटेश्वर सिंह और जस्टिस आर. बख्शी जैसे वरिष्ठ जज शामिल थे।दिल्ली हाईकोर्ट के मुख्य न्यायाधीश डीक्यू पाधी, जस्टिस सौरभ बनर्जी और जस्टिस मनमोहन भी मैदान पर उतरे।दूसरी ओर, कपिल सिब्बल ने बार एसोसिएशन इलेवन का नेतृत्व किया, जिसमें वरिष्ठ अधिवक्ता विक्रांत यादव, सस्मिता त्रिपाठी, निखिल जैन, विकास बंसल और राजीव कुमार जैसे नाम शामिल थे। कपिल सिब्बल ने मैदान पर खास प्रदर्शन तो नहीं किया, लेकिन उन्होंने कहा, यह मैच बेहद मजेदार रहा। ऐसे आयोजन खेल की भावना को बढ़ाते हैं और लोगों को फिट रहने के लिए प्रेरित करते हैं। सुप्रीम कोर्ट बार एसोसिएशन के सचिव विक्रांत यादव ने मजाकिया अंदाज में कहा, ह्लचीफ जस्टिस हमेशा टॉस जीतते हैं, चाहे कोर्ट में हों या क्रिकेट के मैदान पर।लेकिन हमने कड़ा मुकाबला दिया। उन्होंने क्रिकेट को देश का प्रमुख खेल बताते हुए कहा कि इसे खेलकर मन और शरीर के साथ बेहतर तालमेल किया जा सकता है।यह टूनार्मेंट पिछले तीन दशकों से आयोजित हो रहा है।इस बार 22 टीमें शामिल थीं, जिनमें 16 टीमें 50 साल से कम उम्र वालों की, तीन टीमें 50 साल से ऊपर वालों की और एक महिला टीम थी। जनवरी में शुरू हुआ यह टूनार्मेंट मार्च में समाप्त हुआ और आज का प्रदर्शनी मैच इसका आखिरी पड़ाव था। मैच का माहौल उत्साहपूर्ण रहा। वकीलों और जजों ने मैदान पर जमकर उत्साह दिखाया। दर्शकों ने भी इस अनूठे मुकाबले का आनंद लिया। आयोजन का उद्देश्य न केवल खेल को बढ़ावा देना था, बल्कि न्यायिक और कानूनी समुदाय के बीच एकता और सौहार्द को भी मजबूत करना था। पुरस्कार वितरण समारोह के साथ टूनार्मेंट का समापन हुआ, जिसमें सभी खिलाड़ियों की खेल भावना की सराहना की गई।

# किसान सेवा सहकारी समिति पर किसानों का तीसरे दिन भी धरना प्रदर्शन रहा




वेलकम इंडिया महमूद रजा

नगीना-थाना क्षेत्र के ग्राम पखनपुर में शुक्रवार से चल रहा है किसानों का धरना प्रदर्शन तीसरे दिन भी जारी रहा। भारतीय किसान यूनियन भानु के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष रविंद्र चौहान अपने पदाधिकारी के साथ ग्राम पखनपुर में पहुंचकर किसान सेवा सहकारी समिति पर धरना प्रदर्शन किया ।उन्होंने कहा कि बी पैक्स पर 7% वार्षिक ब्याज वसूली के खिलाफ धरना प्रदर्शन किया गया जिसमें गांव के आसपास ग्रामीण क्षेत्र के किसान धरना प्रदर्शन पर बैठ गए उनका कहना है कि सभी किसानों की समिति से गत वर्षो में 3% ब्याज की वसूली की जाए अगर समिति पर 3% ब्याज की फसल नहीं करेगी तब जिले के सभी सहकारी समितियां पर तालाबंदी करके धरना प्रदर्शन करेंगे। इसमें किसान सेवा सहकारी समिति के अध्यक्ष आशीष कुमार चौहान और उपसभापति बेगराज सिंह, शिशुपाल सिंह ,कमल सिंह ,नईम अहमद, फराहीम अहमद ,मूलचंद सिंह, गोविंद सिंह ,योगेंद्र सिंह ,बुलंद सिंह, नरेश कुमार, रविकांत शर्मा, दिलावर सिंह ,देवेंद्र सिंह पुष्पेंद्र कुमार आदि मौजूद रहे।

# यूपी बोर्ड हाईस्कूल के नतीजे घोषित,अखिलेश 74.66% व गुलशन सैनी ने 67% अंक प्राप्त कर प्रथम श्रेणी में हुए उत्तीर्ण





निर्मल सैनी वेलकम इंडिया

**लखनऊ**। शुक्रवार को जारी हुए बोर्ड परीक्षा के परिणाम में अखिलेश 74.66% व गुलशन सैनी 67% अंक प्राप्त कर प्रथम उत्तीर्ण हुए।

आपको बता दें कि बीते शुक्रवार को यूपी बोर्ड रिजल्ट का इंतजार आखिरकार खत्म हो गया था। 10वीं और 12वीं बोर्ड की परीक्षा का परिणाम जारी हो गया था। रिजल्ट की घोषणा उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षा परिषद, प्रयागराज के दफ्तर में प्रेस कॉन्फ्रेंस के माध्यम से कर दी गई थी। इस प्रेस कॉन्फ्रेंस के बाद बोर्ड की आधिकारिक वेबसाइट पर रिजल्ट चेक करने का लिंक एक्टिव हो गया था।

जारी हुए परीक्षा परिणाम में ग्राम पंचायत सस्पन में स्थित सरस्वती बाल विद्या मंदिर स्कूल के बच्चों अखिलेश पुत्र सुखनंदन ने 448 अंक, व गुलशन सैनी पुत्र सत्यनारायण सैनी ने 402 अंक प्राप्त कर विद्यालय सहित माता पिता का नाम रोशन किया।

# दिल्ली कृपाल बाग आश्रम द्वारा आयोजित आल इंडिया चिल्ड्रन सत्संग कैंप में बरेली आश्रम के बच्चों ने मचाई धूम

वेलकम इंडिया/चरन सिंह



**बरेली**। सावन कृपाल रुहानी मिशन कृपाल आश्रम महेशपुरा सीबीगज में रविवार को होने वाले मासिक सत्संग की शुरूआत बरेली के अलावा अन्य सेन्टरों से आये हुए साधसंगत भाई बहनों ने प्रीचर सत्संग श्री प्रताप सिंह जी द्वारा वाणी कबीर सहाब जी के माध्यम से अनुभवी पुरुष की पहचान कैसे करें, तत्पश्चात महाराज जी के वीडियो सत्संग से सभी साधसंगत भाई बहनों ने लाभ उठाया। कार्यक्रम के अंत में दिल्ली के कृपाल बाग आश्रम में दो दिवसीय आल इंडिया चिल्ड्रन सत्संग कैंप का आयोजन 12-13 अप्रैल 2025 को किया गया, जिसमें दिल्ली, पंजाब, हरियाणा, गुजरात, मध्यप्रदेश, उत्तरप्रदेश के जिलों के आश्रम से 2500 सौ बच्चों ने बढ़-चढ़ के हिस्सा लिया।कैंप में बच्चों को नाटक, खेल, कला एंड क्राफ्ट और कहानी, प्रतियोगिता के माध्यम से आध्यात्म की पहचान एवं ध्यान कैसे अच्छी तरह अपने जीवन में करें इसकी जानकारी दी गई।कैंप में बरेली आश्रम से कुल 18 बच्चों शिवानी देवी, देवांग, शानवी, शौर्य, श्वेता, वाणी हृदय, आकांशा, अक्षय, अक्षरा, शुभि सार्थक, अंशिका, पूर्वा, शिवानी, आकाश, आयुष, सचिन, प्रशांत ने हिस्सा लिया।कैंप में पुरस्कृत हुए बच्चों को बरेली आश्रम में आश्रम कमेटी के सदस्यों एवं सभी साधसंगत भाई बहनों द्वारा जोरदार स्वागत अभिनन्दन किया। चिल्ड्रन सत्संग बच्चों में शिक्षा के साथ साथ आध्यात्मिक संस्कारों की नींव रखने का माध्यम है जिससे बच्चें आध्यात्मिक शिक्षा, नाटक, कला एवं संस्कृति कार्यक्रमों, संगीत शिक्षा का ज्ञान प्राप्त करते हैं। अंत में सभी साधसंगत भाई बहनों ने लंगर का आनंद उठाया।

# मिट्टी खनन माफियाओं पर एस डी एम का जमकर चला चाबुक मिट्टी से भरें डम्पर को किया सीज



वेलकम इंडिया राजेंद्र सिंह वरिष्ठ पत्रकार

हापुड़ गढ़मुक्तेश्वर/जनपद में मिट्टी खनन माफियाओं के हौसले बुलंद प्रशासनिक अधिकारियों के द्वारा कार्यवाही करने के बावजूद भी अवैध मिट्टी खनन का गोरख धंधा नहीं ले रहा थमने का नाम।इसी क्रम में बीती रात्रि एसडीएम गढ़मुक्तेश्वर साक्षी शर्मा ने मिट्टी खनन माफियाओं के विरुद्ध शिकंजा करते हुए वेट मोड़ से अवैध मिट्टी से भरे डंपर को सीज करने से मिट्टी खनन माफिया में मचा हड़कंप। आनंन-फानन में मिट्टी खनन माफिया मौके से जेसीबी मशीन एवं डंपरो को लेकर हुए फरार।

# नगर विकास मंत्री का चेयरमैन के नेतृत्व में हुआ स्वागत

वेलकम इंडिया



**संतकबीरनगर**। उत्तर प्रदेश सरकार के ऊर्जा एंव नगर विकास कैबिनेट मंत्री एके शर्मा रविवार को लखनऊ से गोरखपुर जाते समय राष्ट्रीय राजमार्ग पर चौकी के निकट चेयरमैन अनवरी बेगम के नेतृत्व में भव्य स्वागत किया गया ।इस दौरान मंत्री को बुके,स्मृति चिन्ह और अंगवस्त्र दे कर सम्मानित भी किया गया।

नगर विकास मंत्री एके शर्मा सड़क मार्ग कार से गोरखपुर एक ,राष्ट्र एक चुनाव,के कार्यक्रम में शामिल होने जा रहे थे ।जिनके स्वागत के लिए नगर पंचायत चेयरमैन अनवरी बेगम ने सभासदों के साथ नेशनल हाईवे पर पुलिस चौकी के निकट मंत्री के काफिले को रोक कर उन्हें बुके और कबीर प्रतिमा का स्मृति चिन्ह देकर भव्य स्वागत किया ।उसके बाद पूर्व चेयरमैन नुरुज्जमा अंसारी ने फूल माला पहनकर व अंगवस्त्र दे कर सम्मानित किया ।स्वागत करने वालों में कल्पना गैस सर्विस के संजय राय,सभासद अवधेश सिंह,मोहम्मद असअद अंसारी,सुहेल अख्तर, मेंहदी हसन, भोलू पासवान,अहमद अली, संजय दूबे,विशाल वर्मा, विशाल सिंह,अजय वर्मा,प्रदीप पासवान,दिनेश गिरी,अतुल कुमार, चंदन सैनी आदि लोग शामिल रहे।

# लखनऊ सेंट्रल बार एसोसिएशन आगामी चुनावों में महामंत्री पद के लिए खड़े: विश्नु कुमार मिश्र



वेलकम इंडिया

**लखनऊ**। विष्णु कुमार मिश्र ने एक महत्वपूर्ण संदेश दिया है ठेकेदार और माफिया के खिलाफ लड़ाई विश्नु कुमार ने कहा कि इस बार के चुनाव में ठेकेदार और माफिया के खिलाफ लड़ाई है। उन्होंने कहा कि कचहरी को आम आदमी चलाएगा और जो भी इस पद पर आएगा, वह सदैव इसका ध्यान रखेगा। सदस्यों के हितों की रक्षा विश्नु कुमार मिश्र ने कहा कि वह सेंट्रल बार एसोसिएशन के सदस्यों के हितों की रक्षा करेंगे और उनकी सभी जरूरतों का ध्यान रखेंगे उन्होंने आश्वस्त दिया है कि वह आजीवन सदस्यों के हित में कार्य करेंगे आम आदमी के लिए काम करने का वादा विश्नु कुमार मिश्र ने कहा कि उनका उद्देश्य आम आदमी के लिए काम करना है और कचहरी को आम आदमी के अनुकूल बनाना है। उन्होंने सदस्यों से अपील की कि वे उनके समर्थन में आएं और उन्हें महामंत्री पद पर चुनें।

# बी ए की छात्रा की ब्लात्कार के बाद हत्या हिटल मे मिला शव

वेलकम इंडिया

**प्रतापगढ़** ।मालगोदाम रोड भगवा चुंगी के एक होटल मे बी ए की छात्रा कर साथ ब्लात्कार के बाद हत्या कर दी गयी है ।बताया गया ब्लात्कार छात्रा के प्रेमी ने किया हैतथा बाद मे उसकी हत्या जर होटल के कमरे का दरवाजा बन्द कर भाग गया तथा जिस होटल मे ब्लात्कार हुआ वो होटल सपा नेता का है। रात साढ़े 9 बजे वेटर ने दूसरी चाबी से कमरा खोला तो बेड पर छात्रा का शव पड़ा था। सूचना पर रात में एसपी ने भी होटल पहुंचकर घटना की जानकारी ली। उन्होंने घटना के खुलासे के लिए चार टीमें गठित की। भंगवा चुंगी चौराहे के पास स्थित एक होटल में शुक्रवार सुबह कोहंडौर क्षेत्र के एक गांव की बीए द्वितीय वर्ष की छात्रा देल्हूपुर गजेहड़ा पहाड़पुर के अभिषेक के साथ पहुंची। दोपहर बाद दो बजे अभिषेक कमरे में बाहर से ताला बंद कर चला गया। रात करीब साढ़े 9 बजे होटल के वेटर ने दूसरी चाबी से कमरा खोला तो छात्रा का शव बेड पर पड़ा था। होटल मैनेजर राजस्थान हनुमानगढ़ नोहर निवासी देवेंद्र कुमार की सूचना पर भंगवा चुंगी चौकी इंचार्ज अंकित श्रीवास्तव, शहर कोतवाल अर्जुन सिंह, सीओ सिटी शिवनारायण वैश, एएसपी पूर्वी दुर्गेश सिंह के साथ ही एसपी डॉ. अनिल कुमार भी पहुंच गए। छात्रा का गला दुपट्टे से कसा गया था।पुलिस ने होटल के रजिस्टर में दर्ज नाम पते के आधार पर युवती के परिजनों को सूचना दी।एसपी ने होटल कर्मियों से बात करने के बाद हत्या के खुलासे के लिए चार टीमें गठित की।देररात सूचना पर पहुंचे छात्रा के दादा की तहरीर पर अभिषेक कुमार, उसके दोस्त अजयपाल उर्फ जैकी और आर्यन के खिलाफ गैंगरेप, हत्या का केस दर्ज किया।

# हाथरस में पहलगाम हमले पर इतना गुस्सा, पैरों से रौंदा पाक का झंडा, फूंके पुतले

वेलकम इंडिया जितेन्द्र कुमार



**हाथरस**। पहलगाम हमले को लेकर लोगों में गुस्सा कम नहीं हो रहा है। हाथरस में आक्रोश जारी है। गुस्से का इजहार शहर की सड़कों पर पाक का झंडा पैरों-बाइकों से रौंदकर किया।साथ में पाकिस्तान विरोधी नारेबाजी की। रविवार की शाम फोकस अल्ट्रासाउंड सेंटर पर बड़ी संख्या में सामाजिक संगठन के पदाधिकारी और अन्य लोग यंहा एकत्रित हुए। पहलगाम में हुए आंतकी हमले को लेकर लोगों में आक्रोशित दिखाई दे रहा था। यहां पर वरिष्ठ समाजसेवी श्री कृष्ण भक्त फोकस अल्ट्रासाउंड सेंटर के ओनर डॉक्टर विकास शर्मा के नेतृत्व में पहलगाम में हुए आतंकी हमले की निंदा की मानव शृंखला बनाई और इस हमले में हुए मृत लोगों को श्रद्धांजलि देने के लिए हाथों में अग्नि मशाल लेकर कैंडल मार्च भी निकाला। जय श्रीराम का तिरंगा सभी के हाथों में था। आतंकवादियों के खिलाफ लोगों में आक्रोशित दिखाई दे रहा था, लेकिन मृत लोगों को श्रद्धांजलि देने के लिए सभी की आंखें नम थी।इस दौरान युवाओं ने सड़क पर पाक का झंडा पैरों-बाइकों से रौंदकर विरोध किया। साथ में पाकिस्तान विरोधी नारेबाजी की हिंदू युवा हाथों में तख्ती लिये हुए थे जिन पर लिखा था,पहलगाम के हथियारों पर लानत हो लानत हो,दहशत गर्द पाकिस्तान शर्म करो शर्म करो, बटेंगे तो कटेंगे, अबकी बार आर पार, भारत सरकार आगे बढो देश आपके साथ है।

# हाथरस में बीजेपी का जनजागरण अभियान आज से, मुस्लिमों के घर-घर जाकर वक्फ संशोधन कानून के फायदे बताएगें भाजपाई

वेलकम इंडिया जितेन्द्र कुमार



**हाथरस**। भाजपा जिला कार्यालय गौशाला रोड पर वक्फ सुधार जनजागरण अभियान को लेकर भाजपा जिलाध्यक्ष शरद माहेश्वरी की अध्यक्षता मे जिला कार्यशाला का आयोजन किया। कार्यशाला में मुख्य अतिथि के रूप में भाजपा उत्तर प्रदेश के प्रदेश उपाध्यक्ष ब्रज बहादुर भारद्वाज रहे।कार्यशाला को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि ब्रज बहादुर भारद्वाज ने कहा कि 2013 अधिनियम के तहत वक्फ बोर्ड न्यूनतम जांच और संतुलन के साथ एकतरफा रूप से सम्पतियो को वक्फ घोषित कर सकते थे, खासतौर पर विवादास्पद उपयोगकर्ता द्वारा वक्फ प्रावधान के माध्यम से जिसके तहत केवल लम्बे समय तक धार्मिक उपयोग के आधार पर सम्पतियों पर दावा करने की अनुमति दी गयी थी ।अब भाजपा की केंद्र सरकार ने अधिनियम में संशोधन करते हुए कहा है कि वक्फ सम्पतियों का पंजीकरण अनिवार्य है जो कि पहले से है 1923 के मुस्लिम वक्फ अधिनियम के तहत आवश्यक था उन्होंने कहा कि विपक्ष इस संशोधन को लेकर समाज को भ्रमित कर रहा है जब कि यह अधिनियम गरीब मुस्लिम समाज के लिए एक वरदान साबित होगा उन्होंने कहा कि संशोधन अधिनियम मे केंद्रीय वक्फ परिषद् और राज्य वक्फ बोर्ड में गैर मुस्लिमो की भागीदारी का प्रावधान है जिससे इन निकायों की निकाय शक्ति का प्रयोग अधिक पारदशीर्ता एवं निष्पक्षता से हो सकेगा इस संशोधन में सरकारी भूमि पर वक्फ बोर्ड द्वारा अतिक्रमण के मामलो में रोक लगाई जा सकती है कार्यक्रम को संबोधित करते हुए जिलाध्यक्ष शरद माहेश्वरी ने कहा कि भाजपा की केंद्र सरकार ने अपने हलकनामे में कहा है कि संशोधन अधिनियम का उद्देश्य वक्फ सम्पतियो के प्रवंधन में पारदर्शिता एवं जवाबदेही सुनिश्चित करना है इससे कहीं भी मुस्लिम समाज के अधिकारों का हनन नही होता है।

# प्रयास सभी के लिए द्वारा मेधावी छात्र छात्राओं का सम्मान

**वेलकम इंडिया**



प्रयास सभी के लिए द्वारा उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षा परिषद की हाई स्कूल और इंटरमीडिएट की परीक्षा में झांसी जिले में मेरिट में आए छात्र-छात्राओं का सम्मान आज राजकीय इंटर कॉलेज झांसी के सभागार में संस्थापक अध्यक्ष मनमोहन गेडा के निर्देशन, अध्यक्ष राम बाबू शर्मा की अध्यक्षता, जिला विद्यालय निरीक्षक रति वर्मा के मुख्य आथित्य , बेसिक शिक्षा अधिकारी विपुल शिवसागर व प्रधानाचार्य राजकीय इंटर कॉलेज सतीश कुमार सिंह के विशिष्टआथित्य, मिलन किशोर गुप्ता, वी पी नायक व मुन्ना लाल मिश्राके संयोजन में आयोजित हुआ। मां सरस्वती की तस्वीर के सम्मुख दीप प्रज्ज्वलन एवं वंदे मातरम् गायन के साथ शुरू हुए कार्यक्रम के प्रारंभ में मंचासीन अतिथियों, संस्था के पदाधिकारियों एवं सदस्यों ने विद्यार्थियों का तिलक लगाकर, शाल, श्रीफल, प्रशस्ति पत्र देकर ब माल्यार्पण कर स्वागत किया। संस्थापक अध्यक्ष मनमोहन गेडा ने स्वागत भाषण में कहा कि प्रयास सभी के लिए के मूल सिद्धांत संपर्क, सहयोग, संस्कार, सेवा, समर्पण पर आधारित वर्ष पर्यंत चलने वाले विविध कार्यक्रमों के कारण आज प्रयास की अपने सेवा कार्यों के लिए विशिष्ट पहचान हैं। सदस्यों का अनुशासन और संगठनात्मक कार्यशैली प्रयास परिवार को विशिष्ट बनाती हैं, हम विगत कई वर्षों से झांसी के मेधावी छात्राओं का सम्मान करते आ रहे हैं आज का यह सम्मान समारोह उसी की एक कड़ी है। मंचासीन जिला विद्यालय निरीक्षक रति वर्मा ने छात्रों को बधाई देते हुए कहा कि चरित्र निर्माण से राष्ट्र निर्माण के सिद्धांत पर चल रहे प्रयास के सभी कार्यक्रमों में सबसे महत्वपूर्ण संस्था देश एवं समाज के प्रति संगठनात्मक उत्तरदायित्व का बोध कराती हैं। विशिष्ट अतिथि प्रधानाचार्य सतीश कुमार सिंह ने कहा कि छात्र-छात्राओं ने अपनी मेहनत और लगन से मेरिट में स्थान बनाया है और इसी मेहनत के साथ आगे बढ़कर देश की प्रगति में अपना योगदान सुनिश्चित करेंगे इन सभी के सम्मान के लिए प्रयास संस्था को बहुत बहुत बधाई। समारोह में संघ लोक सेवा आयोग की परीक्षा मे चयनित नगर के छात्र मंजुल राज का भी सम्मान किया गया, मंजुल राज ने अपनी मेहनत और किस तरह उन्होंने तैयारी की के बारे में छात्र-छात्राओं को अपने टिप्स दिए ।

# भक्ति मन्दिर का 25 वां पाटोत्सव 30 अप्रैल को

**वेलकम इंडिया**



**वृन्दावन।** चैतन्य विहार के पापड़ी चौराहा स्थित भक्ति मन्दिर का दिव्य व भव्य 25वां पाटोत्सव 30 अप्रैल 2025 (अक्षय तृतीया) को विभिन्न धार्मिक एवं सांस्कृतिक कार्यक्रमों के साथ आयोजित किया गया है। मंदिर के सेवायत व प्रख्यात अध्यात्मविद डॉ. सहदेव कृष्ण चतुर्वेदी ने महोत्सव की जानकारी देते हुए बताया कि भक्ति मन्दिर विश्व का एकमात्र ऐसा मन्दिर है, जहां भक्ति महारानी मूर्ति रूप में विराजित हैं। साथ ही उनकी पूजा-अर्चना प्रतिदिन अत्यंत विधि-विधान से की जाती है।भक्ति मन्दिर को उत्तर प्रदेश सरकार के पर्यटन विभाग ने अपनी पर्यटन स्थल सूची में भी शामिल किया हुआ है।इस मन्दिर की स्थापना सप्त विषय आचार्य व प्रख्यात अध्यात्मवेत्ता स्व. डॉ. वासुदेव कृष्ण चतुर्वेदी ने की थी। महोत्सव के समन्वयक डॉ. गोपाल चतुर्वेदी ने बताया है कि पाटोत्सव के अंतर्गत 30 अप्रैल 2025 को भक्ति महारानी की प्रतिमा का प्रातः 06 बजे पंचामृत से वैदिक मंत्रोच्चार के मध्य अभिषेक किया जाएगा।साथ ही उनकी पूजा अर्चना की जाएगी। तत्पश्चात आचार्यों की सन्निधि में विश्व शांति हेतु वृहद महायज्ञ होगा। मध्या 12 बजे संत, ब्रजवासी वैष्णव सेवा एवं वृहद भंडारा आदि के कार्यक्रम सम्पन्न होंगे। पाटोत्सव के संयोजक हरदेव कृष्ण चतुर्वेदी, डॉक्टर सहदेव कृष्ण चतुर्वेदी एवं माधव कृष्ण चतुर्वेदी ने सभी भक्तों-श्रद्धालुओं से इस महोत्सव में उपस्थित होने का आग्रह किया है।

## विद्यालय की छात्राओं नेअपने विद्यालय का नाम रोशन किया है

**वेलकम इंडिया महमूद रजा**




**नगीना** आदर्श कन्या इंटर कॉलेज पुरैनी बिजनौर विधालय के प्रधानाचार्य अल्पना चौधरी ने बताया की हमारे विद्यालय की छात्राओं नेअपने विद्यालय का नाम रोशन किया है। जिसमें हाई स्कूल बोर्ड की परीक्षा मैं निशु रानी ने 87% अंक प्राप्त करके प्रथम स्थान प्राप्त किया वहीं दूसरी और सलोनी रानी ने भी 85.16 प्रतिशत अंक प्राप्त करके द्वितीय स्थान पर रही सारिका परवीन ने 85% अंक प्राप्त करके तृतीय स्थान प्राप्त किया । इंटरमीडिएट की परीक्षा के परिणाम मैं यशोदा रानी ने 76.4% अंक प्राप्त करके प्रथम स्थान प्राप्त किया वहीं दूसरी और सलोनी रानी ने भी 76.4% अंक प्राप्त करके प्रथम स्थान प्राप्त किया तथा फिजा परवीन ने 75.8 प्रतिशत अंक प्राप्त करके द्वितीय स्थान प्राप्त किया वही पलक रानी ने भी 75.6 % अंक प्राप्त करके तृतीय स्थान प्राप्त किया । हाई स्कूल और इंटरमीडिएट की बोर्ड की परीक्षा में अच्छे अंक प्राप्त करके अपने विद्यालय और अपने माता-पिता का नाम रोशन किया है ।विद्यालय के विद्यालय में बच्चों को मिठाई खिलाकर खुशी मनाई।

# गोहावर क्षेत्र में बीएसएनएल इंटरनेट सेवा 10 दिनों से ठप, नहीं सुन रहे अधिकारी

**वेलकम इंडिया : नितिन शर्मा**



**नूरपुर :** गोहावर बीएसएनएल इंटरनेट सेवा 18 अप्रैल से ठप हो गई। जिसके कारण लोगों के जरूरी काम नहीं हो सके। ऑनलाइन कारोबार भी प्रभावित रहा। बैंक तथा डाकघरों में लेनदेन नहीं हो सका। ग्रामीण क्षेत्रों से जिला मुख्यालय तथा तहसील जाने वाले लोगों को भी काफी दिक्कतें हुईं। साइबर कैफे में प्रमाण पत्र आदि के लिए आवेदन करने वालों को भी बैरंग घरों को लौटना पड़ा। जिले की संचार सेवा काफी लचर हो गई है। बीएसएनएल के सिम भी ठीक से काम नहीं करते हैं। भारी भरकम प्लान के बावजूद उपभोक्ता ठगे जा रहे हैं। संबंधित विभाग के अधिकारियों को फोन किया पर कोई समाधान नही हो पाया अब तो सक्षम अधिकारियों ने तो फोन तक स्विच ऑफ कर लिया है।

## प्रयास सभी के लिए द्वारा मेधावी छात्र छात्राओं का सम्मान

**झांसी!** प्रयास सभी के लिए द्वारा उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षा परिषद की हाई स्कूल और इंटरमीडिएट की परीक्षा में झांसी जिले में मेरिट में आए छात्र-छात्राओं का सम्मान आज राजकीय इंटर कॉलेज झांसी के सभागार में संस्थापक अध्यक्ष मनमोहन गेडा के निर्देशन, अध्यक्ष राम बाबू शर्मा की अध्यक्षता, जिला विद्यालय निरीक्षक रति वर्मा के मुख्य आथित्य , बेसिक शिक्षा अधिकारी विपुल शिवसागर व प्रधानाचार्य राजकीय इंटर कॉलेज सतीश कुमार सिंह के विशिष्टआथित्य, मिलन किशोर गुप्ता, वी पी नायक व मुन्ना लाल मिश्राके संयोजन में आयोजित हुआ। मां सरस्वती की तस्वीर के सम्मुख दीप प्रज्ज्वलन एवं वंदे मातरम् गायन के साथ शुरू हुए कार्यक्रम के प्रारंभ में मंचासीन अतिथियों, संस्था के पदाधिकारियों एवं सदस्यों ने विद्यार्थियों का तिलक लगाकर, शाल, श्रीफल, प्रशस्ति पत्र देकर ब माल्यार्पण कर स्वागत किया।

## बाबूगढ़ थाना प्रभारी ने क्षेत्र के सभी हिस्ट्रीशीटर एच एस को चिन्हित कर वेरिफिकेशन कर अपराध न करने का दिलाया संकल्प



**वेलकम इंडिया राजेंद्र सिंह वरिष्ठ पत्रकार**

हापुड़/एसपी कुंवर ज्ञानेंजय सिंह के दिशा निर्देश पर बाबूगढ़ थाना प्रभारी विजय कुमार गुप्ता ने अपराधिक घटनाओं पर अंकुश लगाने को लेकर क्षेत्र के सभी हिस्ट्रीशीटर को थाने बुलाकर एचएस रजिस्टर में मोबाइल नंबर, ईमेल आईडी, वर्तमान पता, और नवीन फोटो अपडेट्स करने के साथ वेरिफिकेशन किया। और सभी हिस्ट्रीशीटर ,एच एस को आवश्यक दिशा निर्देश देते हुए भविष्य मे कभी भी अपराध ना करने की शपथ दिलाई गई।

## महिला महा स्वराज शक्ति संगठन के तत्वावधान में बैठक का आयोजन हुआ

**वेलकम इंडिया : नितिन शर्मा**



**नूरपुर :** खालसा इंटर कॉलेज नूरपुर में महिला महा स्वराज शक्ति संगठन के तत्वावधान में एक बैठक का आयोजन किया गया जिसमें 22 अप्रैल को जम्मू कश्मीर के पहलगाम में आतंकी घटना में मारे गए सैलानियों की आत्मा की शांति के लिए मौन धारण कर शहीदों को श्रद्धांजलि दी गई। तत्पश्चात महिलाओं को उनकी सुरक्षा के बारे में महिला आरक्षी ममता ने विस्तार से बताया की महिलाओं को निडर होकर सरकार द्वारा चलाई जा रही हेल्पलाइन पर अपनी शिकायत दर्ज कर अपनी सुरक्षा करें।

राष्ट्रीय अध्यक्ष हरविंदर राणा ने बताया की महिलाएं एकजुट होकर सशक्त और निर्भीक को होकर चुनौतियों का मुकाबला करें। वक्ताओं में सुजाता रश्मि शर्मा फराह खान व रूबी देवी आदि ने अपने विचार व्यक्त कर महिलाओं का मार्गदर्शन कराया। इस मौके पर विमलेश देवी, चित्रा, ममता, अनीता, सुनीता, अनु आदि क्षेत्र से आई महिलाएं उपस्थिति रही।

# भीषण गर्मी में परिण्डों से पंछियों को मिलेगी राहत : बोहरा

**वेलकम इंडिया**



**बाड़मेर 27 अप्रैल 2025।** थार नगरी, बाड़मेर में जन कल्याण संस्थान, बाड़मेर व विघ्नहरा जिरावल्ला पार्श्वनाथ सामायिक महिला मण्डल की ओर से परिण्डा अभियान के तहत रविवार को पंछियो की जल सेवा को लेकर रेन बसेरा के पीछे श्री विघ्नहरा जिरावल्ला पार्श्वनाथ जिनालय में वरिष्ठ नागरिक बाबुलाल जैन एवं संस्थान अध्यक्ष मुकेश बोहरा अमन के नेतृत्व परिण्डा कार्यक्रम आयोजित हुआ। कार्यक्रम में जिनालय सम्मुख स्थित चबूतरे पर परिण्डे लगाएं गए। और मण्डल की महिलाओं को परिण्डे वितरित किये गये। परिण्डा कार्यक्रम में संस्थान अध्यक्ष मुकेश अमन ने कहा कि भगवान महावीर के ह्यह्यजिओ और जीने दोह्लह्ल के अमर वाक्य में जीवों के प्रति दया व करूणा ही संदेश है। अमन ने कहा कि भीषण के दौर में अलग-अलग स्थानों पर लगे मिट्टी के परिण्डों से पंछियों को काफी राहत मिलेगी। और इससे हर नागरिक को जीवदया के कार्यां के लिए प्रेरणा मिल सकेगी। कार्यक्रम के दौरान सामायिक महिला मण्डल की ओर से संस्थान को जीवदया निमित आर्थिक सहयोग प्रदान किया गया। इस दौरान बाबुलाल जैन, मुकेश अमन, जोगेन्द्र वडेरा, प्रवीण बोहरा, प्रवीण जैन, नवल बोहरा, रेखा देवी, मोहिनी देवी, पदी देवी, शान्ति देवी, मटकों देवी, मन्जू देवी सहित सामायिक मण्डल की माताएं-बहिनें उपस्थित रही।

# पूर्व सभासद का हृदय गति रुकने से हुआ निधन

**वेलकम इंडिया**



**संतकबीरनगर** ।नगरपंचायत मगहर के मुहल्ला चूड़ी फरोश निवासी पूर्व सभासद जफर आलम अंसारी उर्फ गुड्डू 52वर्ष का रविवार को हदयगति रुकजाने के कारण अचानक निधन होगया था ।निधन की खबर सुनते ही पूरा नगर स्तब्ध रहगया ।साथ ही उनके परिजनों में कोहराम मच गया ।नगर व क्षेत्र के लोगों ने उनके चूड़ी फरोश में स्थित उनके आवास पर पहुंचकर शोक संवेदना व्यक्त करते हुये भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की ।उन्हें देर शाम शेरपुर अंधियारी बाग स्थित कब्रिस्तान में नमाज-ए-जनाजे के बाद सुपुर्द-ए-खाक कर दिया गया।

उनके आकस्मिक निधन पर खिराज-ए-अकीदत पेश करते हुये नगर चेयरपर्सन अनवरी बेगम ने कहा कि नगर ने एक नेक दिल इंसान के साथ ही एक सच्चे समाज सेवक को खो दिया है ।वह बहुत ही मृदुभाषी व मिलनसार ब्यक्तित्व के मालिक थे ।अल्लाह उनके परिवार को इस दुख की घड़ी में सब्र अता फरमाये ।पूर्व चेयरमैन/चेयरमैन प्रतिनिधि नूरुज्जमा अंसारी ने खेराज-ए-अकीदत पेश करते हुये कहा कि वह बहुत ही मिलनसार,लोकप्रिय थे ।लोगों की आगे बढ़कर सदैव मदद किया करते थे ।नगर की विभिन्न समस्याओं के समाधान हेतु अग्रणी भूमिका निभाते थे ।पूर्व चेयरमैन अश्वनी गुप्त ने श्रद्धासुमन अर्पित करते हुये कहा कि नगर ने एक सच्चे समाज सेवक को खो दिया है ।सभसद काल में उन्होंने लोगों की काफी मदद की थी ।स्वभाव के सरल व मृदुभाषी थे ।उनके निधन से नगर की अपूरणीय क्षति हुई है ।पूर्व चेयरमैन संगीता बर्मा ने श्रद्धासुमन अर्पित करते हुये कहा कि पूर्व सभासद की अचानक मृत्यु की खबर सुनकर स्तब्ध हैं ।ईश्वर उनकी आत्मा को शांति प्रदान करे। श्रद्धासुमन अर्पित करने वालों में चेयरमैन प्रतिनिधि नूरुज्जमा अंसारी,पूर्व चेयरमैन संगीता बर्मा,पूर्व चेयरमैन अश्वनी कुमार गुप्त,अधिशाषी अधिकारी वैभव सिंह,मास्टर राम शंकर यादव,सैयद शमीम अहमद,अवधेश सिंह,सैयद नफीसुल हसन,सपा नेता सेरराज खान,सभासद अमीर कादरी,पूर्व सभासद सिबतेन मुस्तफा,मेंहदी हसन,मोहम्मद असअद,अहमद आलम जेई,हाजी मोहम्मद आजम,अबरार आलम,हाजी बदरे आलम अंसारी,पूर्व सभसद बबलू खान,पुअर सभासद हाजी इलियास अंसारी,ओबैदुन्नबी,पूर्व सभासद परवेज कौसर आदि मौजूद रहे।

# परशुराम जन्मोत्सव पर राष्ट्र निर्माण को लेकर होगी भव्य कार्यशाला

**वेलकम इंडिया**



**गुरसराय(झाँसी)-** अक्षय तृतीया का पर्व एवं भगवान श्री विष्णु जी के छटवें अवतार भगवान श्री परशुराम जी का जन्मोत्सव भव्यता से मनाया जायेगा ।कार्यक्रम की जानकारी देते पं सार्थक नायक ने बताया अक्षय तृतीया पर श्री चकाडोरी धाम आश्रम पर विविध कार्यक्रम होंगे ।इस दिन सभी भक्त अपने घर पर सायं सात बजे पांच दीप भगवान श्री परशुराम जी को समर्पित करेगे ।कमेटी के अध्यक्ष अनुज द्विवेदी ने बताया कि भगवान श्री परशुराम जी किसी समाज विशेष के आदर्श नहीं है ।वे संपूर्ण हिन्दू समाज के हैं,और वह चिरंजीवी हैं ।उन्हें भगवान श्री राम जी के काल में भी देखा गया और भगवान श्री कृष्ण जी के काल में भी। उन्होंने ही भगवान श्री कृष्ण जी को सुदर्शन चक्र उपलब्ध कराया था। कहते हैं कि वे कल्कि काल के अंत में उपस्थित होंगे ।ऐसा माना जाता है कि वे कल्प के अंत तक धरती पर ही तपस्यारत रहेंगे। पौराणिक कथा में वर्णित है कि महेंद्रगिरि पर्वत भगवान श्री परशुराम जी की तप की जगह थी और अंततः वह उसी पर्वत पर कल्पांत तक के लिए तपस्यारत होने के लिए चले गए थे। मान्यता है कि पराक्रम के प्रतीक भगवान श्री परशुराम जी का जन्म छः उच्च ग्रहों के योग में हुआ इसलिए वह तेजस्वी, ओजस्वी और वर्चस्वी महापुरुष बने ।इस बार के कार्यक्रम में देश की वर्तमान स्थिति को देखते हुए देश और राष्ट्र निर्माण पूरी तरह मजबूत किया जा सके को लेकर देश के चोटी के संत और प्रमुख वेदाचार्य,ज्ञाताओं की उपस्थिति श्री परशुराम जन्मोत्सव पर अपने में एक नया संदेश जन-जन की सुख समृद्धि से लेकर देश और राष्ट्र के निर्माण के लिए कार्यशाला में प्रमुख बिंदु होंगे जो एक दुनिया में नजीर बनेगा ।कार्यक्रम को भव्यता देने में युवा प्रकोष्ठ के अनुज द्विवेदी,सार्थक नायक,रमेश पटेरिया मिंटू, रोहित द्विवेदी,विशाल द्विवेदी, वरुणकांत त्रिपाठी, जे.जे.मिश्रा, हेमंत विदुवा,अश्वनी पस्तोर, अभिषेक चतुर्वदी,नितिन मिश्रा,राघवेंद्र मिश्रा सहित अन्य युवा साथी जुटे हुए हैं।

# पहली बार मे ही छात्र छात्राओं ने लहराया सफलता का परचम सैक्रोसेन्ट पब्लिक स्कूल खीरी

**वेलकम इंडिया**



**खीरी टाउन खीरी:** उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षा परिषद के नतीजे आने के बाद छात्र छात्राओं में एक खुशी की लहर है ।तो वही कस्बा खीरी स्थित एक मात्र इंग्लिश मीडियम स्कूल सैक्रोसेन्ट पब्लिक स्कूल की बात की जाये तो बताते चले स्कूल के छात्र-छात्राओ के भी चेहरे खिल उठे है ।बता दे कि कस्बा खीरी स्थित सैक्रोसेन्ट पब्लिक स्कूल के छात्र छात्राओं ने अपने स्कूल का गौरव बढ़ाते हुए पहली बार मे ही सफलता के झंडे गाड़ दिये ।और 80% से अधिक अंक प्राप्त करके ये बात साबित कर दी काबिलयत किसी की मोहताज नहीं होती। प्रशंसा करनी होगी यहाँ पर स्कूल की एमडी श्रीमती रुचि बरतरिया व स्कूल के समस्त टीचर्स की जिन्होंने स्कूल छात्र छात्राओं पर अपना ध्यान देते हए हाईस्कूल की बोर्ड परीक्षा को लेकर बेहतरीन तैयारी करवाई थी ।इस स्कूल की पढ़ाई दशार्ती है कि पहली बार मे ही 100% स्टूडेंट्स पास हुए ।आइये नजर डालते है इस स्कूल के होनहार छात्र-छात्राओ पर जिन्होंने स्कूल का गौरव तो बढ़ाया ही साथ ही अपने पैरेंट्स, अपने टीचर्स, तथा अपने कस्बे का नाम रौशन किया।

# निष्काम भवन में पहलगांव नरसंहार के पीड़ितों को दी श्रद्धांजलि

वेलकम इंडिया




**मोदीनगर,( अनिल वशिष्ठ)।** निष्काम भवन में जम्मू-कश्मीर के पहलगांव में आतंकवादियों द्वारा मारे गए निर्दोष लोगों को अश्रूपूर्ण श्रद्धांजली दी गई। निष्काम परिवार के सदस्यों ने सामूहिक रूप से एकत्र होकर शोक संतप्त परिवारों के प्रति संवेदना व्यक्त की और उनकी आत्मिक शांति के लिए अरदास की।

निष्काम परिवार में शामिल पुरुष, महिला, बुजुर्ग और नन्हे-नन्हे बच्चों तक ने अपने हाथों में श्रद्धांजलि संदेश देते पोस्टर्स लेकर इस वीभत्स घटना में अपनी जान गंवा चुके हिंदुस्तानियों के लिए मौन रखा और उनकी याद में मोमबत्ती जलाकर अपनी अश्रूपूर्ण श्रद्धांजलि दी। निष्काम परिवार ने इस सामूहिक नरसंहार की कड़े शब्दों में निंदा की और भारत सरकार से अविलंब आतंकवादी संगठनों को जड़ से नेस्तनाबूद करने की मांग की। संस्था के अध्यक्ष जसमीत सिंह ने कहा कि सरकार को आतंकवाद के प्रति देश की जनता की पीड़ा और आक्रोश को समझते हुए बिना देरी किए इस घटना के दोषियों और विशेष तौर पर उनके आकाओं को मुंहतोड़ जवाब देना चाहिए। इस अवसर पर संस्था के संरक्षक दिलीप शर्मा, ज्ञानी रविंद्र सिंह, मंजीत सिंह, लवली सचदेवा, जसबीर भूटानी, अनुप्रीत कौर, रविकांत ठाकुर, पवन कुमार, जितेंद्र सिंह, प्रमोद कुमार, अमित कुमार, अमित भूटानी, रविंद्र कुमार, गौरव जगपाल, सोराब खान, आशीष मेहंदीरत्ता, एन के ग्रोवर, गुन्जीत कौर विशेष रूप से उपस्थित रहे।

## आईएएस की परीक्षा पास कर कुमारी अरण्या ने अपने माता-पिता का किया नाम रोशन

वेलकम इंडिया



**मोदीनगर( अनिल वशिष्ठ )।** मोदीनगर के सौंदा गांव के स्व. रामकला पूर्व प्रधान की पौत्री, पुत्री चर्चिल (आई एफ एस ), मास्टर मुकेश कुमार की भतीजी कुमारी अरण्या ने ₹आईएएस₹ प्रतियोगिता में विजेता होकर बिटिया ने अपने परिवार का मान बढ़ाया ओर समाज का सर गर्व से ऊंचा कर दिया। अरण्या के भविष्य उज्वल की कामना करते हुए, भूपेंद्रपुरी , टंकी रोड मोदीनगर में, समाज के सभ्रांत व्यक्तियों ने अरण्या का जोरदार स्वागत कर उनको स्मृति चिन्ह व उपहार देकर सम्मानित किया। अरण्या से अपील की कि वे हमेशा भारत के संविधान के अनुसार समाज के हर एक तबके की मदद करेंगी। अरण्या ने बेहतर कार्य करने का आश्वासन समाज के उपस्थित लोगों को दिया। अरण्या के ताऊजी मुकेश कुमार सेवानिवृत्त अध्यापक ने सभी को मिठाई बांटकर खुशी का इजहार किया। अरण्या ओर उनके तरफ से सभी का धन्यवाद किया। कार्यक्रम में मुख्यरूप से विनोद गौतम पूर्व सभासद, के पी सिंह (पूर्व बैंक मैनेजर(, जगवीर सिंह वरुण (पूर्व बैंक मैनेजर), दौलतराम (पूर्व बैंक मैनेजर), मूलचंद (पूर्व बैंक मैनेजर), धर्मवीर सिंह (पूर्व बैंक मैनेजर), वीरपाल सिंह (बैंक अधिकारी), मूलचंद चाचा, ब्रह्मसिंह पूर्व प्रधान, ब्रह्मपाल सिंह सेवानिवृत्त डाक विभाग, राजाराम कर्दम (पूर्व पोस्ट मास्टर), हरभजन सिंह (अध्यापक), निहालचंद (सेवानिवृत्त रेलवे), रामप्रसाद (सेवानिवृत्त पुलिस उपनिरीक्षक), ताराचन्द गौतम एडवोकेट, गोपाल चक्की वाले, अनिल गौतम , श्रीमती धम्ममित्र सीमा गौतम, श्रीमती तारावती गौतम सहित सैंकड़ो महिला पुरुष उपस्थित रहे।

## शहर कांग्रेस कमेटी के कार्यकताओं में निकाला कैंडल मार्च




वेलकम इंडिया

**मोदीनगर।** एक कैंडल मार्च के रूप में शहर कांग्रेस कमेटी में ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के द्वारा शहीदों की याद में मेजर आसाराम त्यागी शहीद स्थल तक पहुंचे । अध्यक्ष बृजेश सेन ने कहा कि इस दुख की घड़ी में हम सब देश के साथ हैं। इस मौके पर सुनील शर्मा पीसीसी सदस्य बृजेश कुमार सेन शहर अध्यक्ष कांग्रेस कमेटी मोदीनगर मनीष शर्मा ब्लॉक कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष ताहिर महास महासचिव जिला कांग्रेस कमेटी सुरेश दोसा सेवादल प्रदेश सचिव श्री ओम शर्मा रामकिशन शर्मा जी विशाल सेन आरिफ रिजवी राकेश मऊ राजकुमार रात्रि ममता शर्मा महिला कांग्रेस पवन कोरी जी हरवीर मेहरोल सुभाष शर्मा प्रदीप गॉड और सैकड़ो लोगों ने कैंडल मार्च निकालकर विनम्र श्रद्धांजलि दी।

## श्री सेन जी महाराज जन्मोत्सव पर भव्य कार्यक्रम आयोजित



वेलकम इंडिया

**मोदीनगर,( अनिल वशिष्ठ)।** अखिल भारतीय सेन समाज मोदीनगर द्वारा श्री सेन जी महाराज जन्मोत्सव पर एक कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमें वक्ताओं ने श्री सेन महाराज को नमन करते हुए उनके बताएं सिद्धांत एवं आदर्शो पर चलने का आह्वान करते हुए कहा कि समाज और देश तभी प्रगति की ओर बढ़ता रहेगा। कार्यक्रम में विधायक डॉ मंजू शिवाच, अध्यक्ष नगर पालिका विनोद वैशाली, समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय सचिव रमेश प्रजापति , सपा के प्रदेश महासचिव गिरीश मथुरिया, शहर कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष बृजेश सेन, अखिल भारतीय सेन समाज मोदीनगर के अध्यक्ष पूर्व सभासद रविदास सेन कृष्ण रोहिला आदि वक्ताओं ने अपने विचार व्यक्त किए।गिरीश मथुरिया ने समाज के लोगों को समाज में फैली कुरीतियों दूर करने और बच्चों को शिक्षित करने का आह्वान किया। बच्चे शिक्षित होंगे तो समाज का विकास होगा और देश का भी विकास होगा। रविदत्त सेन ने कार्यक्रम में पधारे अतिथियों गणमान्य नागरिको एवं समाज के लोगों का आभार व्यक्त किया। इस मौके पर संस्थापक चंद्र प्रकाश सेन संयोजक मांगेराम सेन संरक्षक केपी सिंह सेन संगठन मंत्री अनिल सेन महासचिव अजय सेन कोषाध्यक्ष महेश सेन कृष्ण पाल सेन नगर पालिका सुरेंद्र मास्टर जी सर्वेश मास्टर जी मनीष सेन जी आदि लोग उपस्थित रहे आदि लोग उपस्थित रहे।

## पहलगाम हमले मे शामिल आतंकियों के विरुद्ध ऐसी कार्यवाही हो जिसे दुनिया देखे और मिसाल कायम हो सके



वेलकम इंडिया

कश्मीर के पहलगाम में पर्यटकों पर आतंकवादियों द्वारा किया गया हमला इंसानियत का कत्ल और मानवता की हत्या है जिसका प्रत्येक स्तर पर विरोध होना चाहिए क्योंकि धर्म के आधार पर की जाने वाली किसी भी प्रकार की आपराधिक घटना काबिले बर्दाश्त नहीं है और इस घटना ने पूरे मुल्क को झकझोर कर रख दिया है भारत सरकार को चाहिए कि वह आतंकवाद को मुंहतोड़ जवाब देते हुए ऐसा एक्शन ले जिसको देखकर भविष्य में इस प्रकार का हमला करने वाले लोगों को मानवता विरोधी घटना को अंजाम देने से पहले 100 बार सोचने के लिए मजबूर होना पड़े।

## देशप्रेम की मिसाल: सरदार पतविंदर सिंह का अनूठा जन-जागरूकता अभियान





वेलकम इंडिया

**प्रयागराज।** भारतीय जनता पार्टी अल्पसंख्यक मोर्चा काशी क्षेत्र के क्षेत्रीय उपाध्यक्ष सरदार पतविंदर सिंह का देशप्रेम और सामाजिक सेवा के प्रति समर्पण देखते ही बनता है। पिछले 35 वर्षों यानी (बाल्यकाल)से ही समाज सेवा में रुचि रखने वाले सरदार पतविंदर सिंह आज भी गांव-गांव जाकर सामाजिक जागरूकता का अलख जगा रहे हैं। उनका संकल्प स्पष्ट है-देश और प्रदेश सुरक्षित हाथों में रहें, आतंकवाद और अलगाववाद जड़ से समाप्त हों। इसी उद्देश्य को लेकर वह निरंतर जनता के बीच सक्रिय रहते हैं। भीषण गर्मी और लू के प्रकोप के बावजूद उनका जज्बा कम नहीं होता। जब दोपहर की धूप आग बरसाने लगती है और लोग घरों से बाहर निकलने से कतराते हैं, तब भी सरदार पतविंदर सिंह जन-जागरूकता के कार्यों में लगे रहते हैं। उनकी अपील है कि लोग पशु-पक्षियों के लिए दाना-पानी रखें, कन्या भ्रूण हत्या न करें, नशे से दूर रहें और नियमित योग करके स्वयं को स्वस्थ रखें। साथ ही प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व को ऐतिहासिक बताते हुए वह कहते हैं कि हमें गर्व है कि हमारा राष्ट्र नई ऊंचाइयों को छू रहा है। गर्मी से बचाव के उपाय बताते हुए सरदार पतविंदर सिंह गांव वालों को शीतल पदार्थों जैसे शरबत, आम का पना, गन्ने का रस,तरबूज,खरबूजा, नींबू पानी व खीरे का सेवन करने की सलाह देते हैं। साथ ही,धूप में बिना तौलिया या गमछा के बाहर न निकलने और पशु-पक्षियों के लिए अपने घरों की छतों और दीवारों पर दाना-पानी रखने का संदेश भी देते हैं। सरदार पतविंदर सिंह का कहना है कि देशप्रेम के लिए वह किसी भी कठिनाई और यातना को सहने के लिए सदैव तैयार हैं। उनका जीवन और कार्यशैली युवाओं के लिए प्रेरणा का स्त्रोत है। उनका अभियान मौसम की परवाह किए बिना निरंतर चलता रहता है, क्योंकि उनके भीतर देशभक्ति की एक अदम्य ज्वाला प्रज्वलित है। उनका संदेश साफ है-स्वस्थ भारत, सुरक्षित भारत और जागरूक भारत ही हमारा भविष्य है।

## किसी भी विद्युत उपभोक्ता के साथ अन्याय बर्दाश्त नहीं किया जाएगा: दिनेश कुमार गोयल

वेलकम इंडिया



**गाजियाबाद (अनिल वशिष्ठ)।** आगरा सर्किट हाउस में में दिनेश कुमार गोयल, सभापति प्रदेशीय विद्युत व्यवस्था संबंधी जॉच समिति की अध्यक्षता में गार्ड ऑफ ऑनर के पश्चात समिति के सदस्यों के साथ एवं जिला आगरा व जिला फिरोजाबाद के विद्युत विभाग के उच्चाधिकारियों के साथ मिलकर विद्युत विभाग से सम्बन्धित कार्यो की समीक्षा बैठक की। सभापति दिनेश कुमार गोयल जी ने कहा कि जब विद्युत विभाग द्वारा एक मुश्त समाधान योजना या अन्य कोई महत्वपूर्ण योजनाएं शासन के आदेशानुसार चलायी जाती है तो उसका व्यापक प्रचार प्रसार होना चाहिए जिससे आम जनमानस अधिक से अधिक उसका लाभ ले सकें। साथ ही उन्होने कहा कि जब एक आम आदमी का बिल जमा न होने पर बिजली काट दी जाती है तो बडे बकायेदार सरकारी विभागों की बिजली बिल न जमा होने पर कार्यवाही क्यो नही की जाती। उन्होंने कहा कि किसी भी उपभोक्ता के साथ अन्याय बर्दाश्त नहीं किया जाएगा उपभोक्ताओं को सुविधा देना हमारा कर्तव्य है इसमें किसी तरह की त्रुटि बर्दाश्त नहीं की जाएगी।इस मीटिग के दौरान सभापति दिनेश कुमार गोयल के साथ विजय बहादुर पाठक, अश्वनी त्यागी, डॉ रतनपाल सिंह, जितेंद्र सिंह सैंगर सदस्यगण विधान परिषद, एम डी दक्षिणांचल व विद्युत विभाग से सम्बन्धित सभी उच्चाधिकारी मौजूद रहें।

## आतंकवाद के मुद्दे पर बोले हिन्दुस्तान शिवसेना प्रमुख सेना के हाथ खोल दो अब, पाकिस्तान पे हमला बोल दो

वेलकम इंडिया



जारीकर्ता
राजेन्द्रसिंह तोमर

पिछले दिनों जम्मू कश्मीर के पहलगांव में आतंकियों द्वारा धर्म पूछ कर हिंदुओं की निर्मम हत्याएं करने के विरोध में आज हिन्दुस्तान शिवसेना के राष्ट्रीय प्रमुख और दिल्ली हाई कोर्ट के एडवोकेट राजेन्द्रसिंह तोमर राजा भईया ने केन्द्र सरकार से मांग करते हुऐ कहा कि आतंकवादी सिर्फ गोली की भाषा ही समझते हैं तो उन्हें अब उन्हीं की भाषा में जवाब देने का बख्त है जिस तरह से पाकिस्तान के इशारे पर हमारे देश वासियों की खास कर हिंदुओं की हत्याये की गई है उससे साफ जाहिर है कि पाकिस्तान कुत्ते की पूंछ जैसा है जो कभी सीधी नहीं हो सकती, आज पत्रकार वार्ता के दौरान उपरोक्त हिन्दू नेता ने देश के प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के नाम इस बाबत लिखे गए अपने पत्र का जिक्र करते हुऐ बताया कि उन्होंने अपनी पार्टी की ओर से केन्द्र सरकार को आतंकवाद के खिलाफ कड़े से कड़े कदम उठाने की मांग करते हुऐ यहां तक लिखा है कि वैसे तो जंग एक अनिष्ठ शब्द है लेकिन फिर भी यदि पाकिस्तान और कश्मीर के आतंकवादी जंग ही चाहते हैं तो अबकी बार ऐसा ही सही अब समय की पुकार है कि प्रधामंत्री जी अब ₹ सेना के हाथ खोल दो और पाकिस्तान पर हमला बोल दो ₹ आतंकियों द्वारा कभी हमारे निहत्थे सैनिकों की घात लगा कर हत्या करना और कभी बेकसूर देशवासियों की हत्याएं करना, विशेष कर हिंदुओं को निशाना बनाना इन सब से अब प्रत्येक भारतवासी ऊब चुका है आखिर ऐसा कब तक चलता रहेगा हम कब तक ये सब बर्दाश्त करते रहेंगे, यदि सही मायनों में अब आतंकवाद को खत्म करना है तो सबसे पहले उन्हें शरण और बढ़ाना देने वाले उनके आका पाकिस्तान को ही नेस्त नाबूद कर देना चाहिए।

# जिस तरह आतंकवादीयों ने धर्म पूछकर निर्दोष लोगों को मारा है उसी तरह भारत के जवान धर्म बताकर इनको जवाब देंगे: राजेश मौर्य

वेलकम इंडिया




**वाराणसी।** विश्व हिन्दू रक्षा परिषद ने लोहता में रविवार को कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले में निर्दोष हिन्दुओ के नृशंस हत्या के विरोध में इस्लामिक आतंकवाद का पुतला दहन किया और.मृतक आत्माओं की शांति के लिए मंदिर में पूरी टीम के साथ प्रार्थना करके श्रद्धांजलि अर्पित किया` इस अवसर पर विश्व हिन्दू रक्षा परिषद के जिलाध्यक्ष राजेश मौर्य ने कहा पहलगाँव में हुए आतंकी हमले निर्दोष हिन्दुओ नृशंस हत्या से पूरा देश आक्रोशित है जिसके लिए निंदनीय शब्द बहुत छोटा है इनके इस जघन्य अपराध के लिए हमारे देश की 140 करोड़ कभी माफ नहीं करेगी उन्होंने कहा जिस तरह आतंकवादीयों ने धर्म पूछकर निर्दोष लोगों को मारा है उसी तरह भारत के जवान धर्म बताकर इनको जवाब देंगे राष्ट्रीय सचिव कृष्णा पांडेय ने इस कायराना हमले को मानवता के खिलाफ अपराध बताया और सरकार से दोषियों के खिलाफ सख्त कार्यवाही की मांग की उन्होंने आतंकवाद के खिलाफ लड़ाई में सरकार को पूर्ण समर्थन देने का संकल्प लिया` पाकिस्तान के पूर्व विदेश मंत्री बिलावल भुट्टो भारत के खिलाफ सिंधु जल समझौते रोकने पर गीदड़ भभकी दी,ह्यसिंधु दरिया हमारा है या तो पानी बहेगा या खून.ह्लतो इस पर विधि प्रकोष्ठ अध्यक्ष प्रविश पांडेय एडवोकेट ने कहा कि आतंकिस्तान से कश्मीर के अच्छे दिन देखे नहीं जा रहे हैं अपने नापाक मंसूबों से अखंड भारत को खंडित करना चाहता है` इस अवसर पर जिला उपाध्यक्ष अखिलेश कुमार ने कहा कि इस नृशंस हत्याओं के लिए पाकिस्तान जैसे आतंकी देश से अबकी बार आर-पार होना चाहिए और पाकिस्तान का नक्शा दुनिया के नक्शे से मिटा देना चाहिए जिससे भविष्य में हमारे देशवासियों को ऐसा दर्दनाक मंजर दोबारा ना देखना पड़े` इस मौके पर जिलाध्यक्ष राजेश मौर्य,विधि प्रकोष्ठ अध्यक्ष प्रविश पांडे एडवोकेट,जिला उपाध्यक्ष अखिलेश कुमार,किसान मोर्चा अध्यक्ष गौतम कुमार, उपाध्यक्ष मोहित श्रीवास्तव, संतों दास,अतुल पांडेय एडवोकेट, अनिल,सत्यप्रकाश मौर्या राजकुमार, अखिलेश, नंदलाल, राहुल, राकेश, अजय,मनीष ,साहिल रजनीश, छोटू, मनीष, जेपी, रामसजीवन,विनय मौर्या आदि सैकड़ों लोग वहां उपस्थित थे।

## 10 बच्चों को मिला नया परिवार

# महिला कल्याण विभाग और भारतपुरिया शिक्षा समिति के संयुक्त प्रयास का अद्भुत परिणाम

**वेलकम इंडिया**

**गाजियाबाद।** एक नई उम्मीद और मुस्कान के साथ गाजियाबाद में एक अनूठा कार्यक्रम आयोजित हुआ, जहां 10 बच्चों को उनके नए परिवार मिले। महिला कल्याण विभाग द्वारा पंजीकृत एवं शैक्षिक संगठन भारतपुरिया शिक्षा समिति घरौंदा विशेषज्ञ दान तक ग्रहण एजेंसी के तत्वावधान में इस भव्य दत्तक ग्रहण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि के रूप में मुख्य विकास अधिकारी अभिनव गोपाल उपस्थित रहे और उन्होंने इस भावुक पल को अपने करकमलों से और भी खास बना दिया।



संचालक ओंकार ने बताया कि भारत सरकार द्वारा संचालित कारा पोर्टल के माध्यम से 10 बच्चों, जिनमें 5 बालक और 5 बालिकाएँ शामिल हैं, को गोद देने की प्रक्रिया पूरी की गई। यह एक ऐतिहासिक अवसर रहा, जहां संस्था में आवासित बच्चे विभिन्न राज्यों और जिलों के परिवारों के साथ अपने नए जीवन की ओर बढ़े। इन बच्चों में से 2 गाजियाबाद, 3 लखनऊ, और शेष 1-1 नोएडा, इटावा, कटक, कोहलपुर तथा बंगलौर के परिवारों के साथ गए।

मुख्य विकास अधिकारी (सीडीओ) अभिनव गोपाल ने दत्तक माता-पिताओं से संवाद करते हुए कहा कि यह कार्यक्रम सिर्फ बच्चों के जीवन में नहीं, बल्कि उन परिवारों के जीवन में भी एक नई रोशनी लेकर आया है, जो संतान सुख की प्रतीक्षा कर रहे थे। आज का यह दिन उन सभी के लिए एक नए अध्याय की शुरूआत है, जहां बच्चे और परिवार एक नई उम्मीद और खुशी के साथ एक-दूसरे के जीवन का हिस्सा बन रहे हैं। यह देखना बेहद हर्ष का विषय है कि सामूहिक प्रयासों से समाज में सकारात्मक बदलाव आ रहा है और बच्चे सुरक्षित और प्रेमपूर्ण परिवार पा रहे हैं।

## मुख्य विकास अधिकारी अभिनव गोपाल की अध्यक्षता में जिला गंगा संरक्षण एवं पर्यावरण समिति की बैठक संपन्न

**वेलकम इंडिया**

**गाजियाबाद।** मुख्य विकास अधिकारी महोदय की अध्यक्षता में आज दिनांक 26.04.2025 को जिला गंगा संरक्षण समिति एवं जिला पर्यावरण समिति की बैठक रानी दुर्गावती देवी सभागार, विकास भवन में आयोजित की गयी। महोदय द्वारा सर्वप्रथम जिला गंगा संरक्षण समिति की बैठक लेते हुये जलकल विभाग को निर्देशित किया कि नालों की मैपिंग का कार्य जल्द पूर्ण कर लिया जाये, साथ ही जलनिगम ग्रामीण एवं जिला पंचायत राज अधिकारी कार्यालय के साथ सामंजस्य कर ग्रामीण इलाकों के जो नाले हिण्डन में गिर रहे हैं उन नालों की भी मैपिंग जल्द करा ली जाये।

साथ ही निर्देशित किया गया कि जल्द ही 07 नग नालों की डी०पी०आर० को सही कर पुर्नप्रेषित किया जाये। प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड को निर्देशित किया गया कि ग्रॉस पाल्यूटिंग औद्योगिक इकाइयों की एक लिस्ट बनायी जाये जिसमें उनके ई०टी०पी० के कन्प्लयांस का पूर्ण विवरण हो। जिला परियोजना अधिकारी को निर्देशित किया कि दिनांक 26.04.2025 को सिंचाई विभाग की जो बैठक जिलाधिकारी महोदय के साथ नदी तट विकास पर हुयी है उसकी कार्यवाही को मीटिंग मिनट्स में डाला जाये। जिला पर्यावरण समिति की बैठक लेते हुये महोदय द्वारा प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड को निर्देशित किया गया कि डस्ट कंट्रोल एप पर रजिस्टर्ड प्रत्येक इकाइयो का लैटिट्यूड-लांगीट्युड लेकर मैपिंग की जाये। समीर एप के लिये समस्त विभागों को निर्देशित किया गया कि इसके लिये सभी विभाग अपने यहां एक नोडल अधिकारी बना दें ताकि इसकी पेंडेंसी को जल्द ही समाप्त किया जा सके। अन्य सूचना के लिये विभागों द्वारा प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड से सामंजस्य किया जाये। शिंगल यूज प्लास्टिक की विवेचना करते हुये गहोदय द्वारा अप्ररान्नता व्यक्त की गयी एवं निर्देशित किया गया कि समस्त निकाय सिंगल यूज प्लास्टिक पर होने वाली कार्यवाही पर तेजी लाने का प्रयास करे। बैठक में समिति के समस्त सदस्यों द्वारा प्रतिभाग किया गया।

## आर्य समाज ने पहलगाम के शहीदों को यज्ञ कर दी श्रद्धांजलि

**वेलकम इंडिया**

**गाजियाबाद,** रविवार 27 अप्रैल 2025 को आर्य समाज समर्पण शोध संस्थान साहिबाबाद के तत्वावधान में वृंदावन ग्रीन सोसाइटी में पहलगाम के शहीदों को यज्ञ कर दी श्रद्धांजलि यज्ञ के ब्रह्मा वेद प्रकाश शास्त्री रहे तथा मुख्य यज्ञमान श्रीमती अमिता आर्या एवं देवेन्द्र आर्य रहे। यज्ञोपरांत योगी प्रवीण आर्य ने गायत्री मंत्र बोलकर 2 मिनट का मौन धारण कराया और प्रभु से दिवंगत आत्माओं की शांति एवं शोक संतप्त परिवारों के लिए इस असहनीय दुःख को सहन करने की शक्ति प्रदान करने की प्रार्थना की। आर्य प्रतिनिधि सभा जिला गाजियाबाद के पूर्व मंत्री ज्ञानेन्द्र सिंह आर्य एवं आर्यबंधु ओमेन्द्र सिंह आर्य के नेतृत्व में पैदल यात्रा निकाली गई जोकि वृन्दावन ग्रीन सोसाइटी से शुरू होकर राजबाग, वृंदावन गार्डन, वृंदावन एंक्लेव, इकबाल मार्किट, अराधना सिनेमा, राजबाग मेट्रो स्टेशन, तकिया पसौंडा, रजनी गंधा से होते हुए वृंदावन ग्रीन में वापस लौटी जहां आतंकवाद व पाकिस्तान का पुतला दहन किया गया। आर्य बंधु देवेंद्र आर्य ने कहा कि सिर्फ धर्म पूछ कर आतंकी राक्षसों ने पहलगाम में निर्दोष पर्यटकों को गोली मारकर उनकी जान ले ली यह उनका घोर निंदनीय दुष्कृत्य है।हर हिंदुस्तानी सरकार और सेना के साथ है भारत सरकार आतंकवाद पर कड़ा प्रहार करें तथा आतंक के पर्याय बने पाकिस्तान के खिलाफ कड़ी कार्रवाई कर आतंक का सफाया करें जिससे भविष्य में कभी कोई भी भारत वासियों की ओर आंख उठाकर ना देख सके।

## राष्ट्रीय व्यापार मंडल ने 'वन नेशन वन इलेक्शन' के समर्थन में महामहिम राष्ट्रपति के नाम भेजा हस्ताक्षरित पत्र

**वेलकम इंडिया**

**गाजियाबाद।** राष्ट्रीय व्यापार मंडल (रजि.) के तत्वावधान में 'एक राष्ट्र एक चुनाव' के समर्थन में 'व्यापारी समागम विचार गोष्ठी' का भव्य आयोजन रविवार, 27 अप्रैल 2025 को केजी 35, कविनगर, गाजियाबाद में संपन्न हुआ।

कार्यक्रम का शुभारंभ से पूर्व पहलगाम की घटना के एवज में 2 मिनट का मौन धारण कर दिवंगत आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की गई। तत्पश्चात 'वन नेशन वन इलेक्शन' विषय पर विस्तृत विचार-विमर्श हुआ। कार्यक्रम के दौरान उपस्थित सभी व्यापारियों द्वारा हस्ताक्षरित ज्ञापन महामहिम राष्ट्रपति महोदय के नाम महानगर अध्यक्ष श्री मयंक गोयल, विधायक श्री अजीत पाल त्यागी तथा समन्वयक सरदार एसपी सिंह को सौंपा गया। मुख्य अतिथि भाजपा




गाजियाबाद महानगर अध्यक्ष श्री मयंक गोयल रहे, जबकि अति विशिष्ट अतिथि के रूप में विधायक श्री अजीत पाल त्यागी (मुरादनगर विधानसभा) ने सहभागिता की। इस अवसर पर वन नेशन वन इलेक्शन के समन्वयक सरदार एसपी सिंह, सरदार जौली एवं राष्ट्रीय सचिव प्रदीप चौधरी, जिलाध्यक्ष व्यापार मंडल बालकिशन गुप्ता, डॉक्टर विनीता त्यागी, अजय सिंघल, एसके चौधरी, पार्षद राजकुमार नागर, पूर्व पार्षद हिमांशु मित्तल, सौरभ यादव, आशु पंडित आदि व्यापारीगण उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन वरिष्ठ भाजपा नेता पंडित अशोक भारतीय ने सधे हुए अंदाज में किया। मुख्य अतिथि श्री मयंक गोयल ने कहा ₹एक राष्ट्र, एक चुनाव देश की लोकतांत्रिक व्यवस्था को अधिक सशक्त और कुशल बनाएगा। व्यापारियों का जागरूक समर्थन इस दिशा में बड़ा परिवर्तन लाएगा। भाजपा सदैव राष्ट्रहित को सर्वोपरि मानती रही है।

## दर्दनाक सड़क हादसा: ट्रक की टक्कर से बाइक सवार की मौत

**वेलकम इंडिया**

**गाजियाबाद।** शहर में एक ओर जहां तेज रफ्तार का कहर फिर से सामने आया, वहीं दूसरी ओर एक किशोरी के लापता होने की घटना ने क्षेत्र में सनसनी फैला दी। गुरुवार रात को गरिमा गार्डन के निकट एक दर्दनाक सड़क दुर्घटना में बाइक सवार की जान चली गई, जबकि मोहन नगर क्षेत्र से एक 15 वर्षीय किशोरी के लापता होने की रिपोर्ट सामने आई है। दोनों मामलों में पुलिस ने कार्रवाई शुरू कर दी है। थाना शालीमार गार्डन क्षेत्र में शुक्रवार रात 9:30 बजे एक दिल दहला देने वाली घटना घटी।

बाबू खान पुत्र गुलाम हजूर खान, निवासी नंद नगरी, दिल्ली ने थाने में दी तहरीर में बताया कि उनके भाई खालिद खान (उम्र लगभग 43 वर्ष) अपनी स्पलेंडर बाइक से गरिमा गार्डन से भोपुरा की ओर अपने घर लौट रहे थे। तभी अचानक एक तेज रफ्तार ट्रक ने पीछे से जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि खालिद सड़क पर काफी दूर तक घिसटते चले गए। यही नहीं, ट्रक ड्राइवर ने ब्रेक नहीं लगाए और खालिद को ट्रक के नीचे घसीटता रहा, जिससे मौके पर ही उनकी दर्दनाक मौत हो गई। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पुलिस ने मृतक के भाई की तहरीर पर ट्रक ड्राइवर के खिलाफ लापरवाही से वाहन चलाने और मौत के कारण बने आरोपों में मामला दर्ज कर लिया है। आरोपी ट्रक चालक की तलाश में पुलिस जुटी हुई है। वहीं दूसरी ओर मोहन नगर क्षेत्र से 15 वर्षीय किशोरी प्रियंका कुमारी के लापता होने की घटना ने परिजनों की चिंता बढ़ा दी है। पीड़िता की मां, राजकुमारी पत्नी गोरख प्रसाद, निवासी आनंद इंडस्ट्रियल एरिया, मोहन नगर, गाजियाबाद ने थाना साहिबाबाद में दी तहरीर में बताया कि 25 जनवरी की दोपहर प्रियंका घर से बिना बताए गायब हो गई।

## भाजपा प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र चौधरी ने वसुंधरा मंडल के बूथ संख्या 699 पर मन की बात का 121वां संस्करण कार्यकताओं के साथ सुना

**वेलकम इंडिया**

**गाजियाबाद।** भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष श्री भूपेंद्र चौधरी ने कैबिनेट मंत्री सुनील शर्मा, क्षेत्रीय उपाध्यक्ष मानसिंह गोस्वामी (क्षेत्रीय मन की बात प्रमुख) एवं महानगर अध्यक्ष मयंक गोयल संग आज गाजियाबाद महानगर के वैशाली क्षेत्र के अंतर्गत बूथ संख्या 699 पर बूथ अध्यक्ष शिवानी सोलंकी, बूथ पन्ना प्रमुखों, कार्यकताओं एवं स्थानीय नागरिकों के साथ प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के ₹मन की बात₹ कार्यक्रम के 121वें संस्करण को सुना और उसका व्यापक विश्लेषण किया। प्रदेश अध्यक्ष श्री चौधरी ने प्रधानमंत्री मोदी के संबोधन का स्वागत करते हुए कहा कि ₹मन की बात₹ न केवल संवाद का माध्यम है,






बल्कि यह देशवासियों के जज्बे, उनके विचारों और आकांक्षाओं का प्रतिबिंब भी है। प्रधानमंत्री का संबोधन जन-जन को प्रेरित करने वाला है और राष्ट्र निर्माण की दिशा में एक महत्वपूर्ण कड़ी बन चुका है। पहलगाम में हुई कायराना आतंकी घटना पर गहरी संवेदना व्यक्त करते हुए श्री चौधरी ने कहा कि देश विरोधी ताकतों को बख्शा नहीं जाएगा। उन्होंने स्पष्ट शब्दों में कहा कि ₹प्रधानमंत्री मोदी ने देश के दुश्मनों को माटी में मिलाने की जो हुंकार भरी है, वह केवल शब्द नहीं, बल्कि मजबूत इच्छाशक्ति का प्रतीक है। भारत आतंक के खिलाफ निर्णायक लड़ाई लड़ रहा है और इसका परिणाम देशवासियों को शीघ्र ही देखने को मिलेगा। श्री चौधरी ने कहा कि मोदी सरकार आतंकवाद के प्रति ₹जीरो टॉलरेंस₹ की नीति पर दृढ़ता से काम कर रही है और हर हमले का करारा जवाब दिया जाएगा। उन्होंने उपस्थित कार्यकर्ताओं का आह्वान किया कि वे प्रधानमंत्री के विचारों को जन-जन तक पहुँचाएं और देशहित में हर प्रयास को और अधिक गति दें। कार्यक्रम के दौरान मंडल के कार्यकर्ताओं और स्थानीय नागरिकों में जबरदस्त उत्साह देखने को मिला। सबने प्रधानमंत्री के ₹मन की बात₹ को गहनता से सुना और उनके संदेशों को आत्मसात करने का संकल्प लिया।

## कार शोरूम में लगी आग, पांच लग्जरी गाडियां जलीं

**गाजियाबाद।** मेरठ–गाजियाबाद रोड स्थित टोयोटा शोरूम के यार्ड में शनिवार की रात आग लग गई। आग की चपेट में आने से पांच लग्जरी गाडियां जल गईं। दमकल ने करीब एक घंटे में आग पर किसी तरह काबू पाया। मुख्य अग्निशमन अधिकारी राहुल पाल ने बताया कि शोरूम के पीछे यार्ड में सभी नई गाडियां खड़ी थीं। प्रथम दृष्टया किसी शॉर्ट सर्किट से आग लगना प्रतीत हो रहा है। आग पर समय रहते काबू पा लिया गया, जिससे बड़ा नुकसान होने से बच गया। बताया कि घटना के समय शोरूम के डायरेक्टर हरनंद त्यागी, निवासी सी–232 पटेल नगर थर्ड, मौके पर मौजूद थे। उन्होंने अग्निशमन विभाग को तत्काल सूचना दी, इसके बाद समय रहते स्थिति को नियंत्रण में कर लिया गया। यार्ड में 16 गाडियां खड़ी थीं। गनीमत रही कि अग्निशमन विभाग की टीम ने समय पर पहुंचकर आग पर काबू पा लिया। बताया कि जलने वाली गाडियों में दो हाई राइडर, एक हाई क्रॉस, एक इनोवा क्रिस्टा और एक ग्लैंजा शामिल थीं।


न्याय सब के लिए
ACCESS TO JUSTICE FOR ALL

# राष्ट्रीय लोक अदालत

**10 मई 2025, दिन शनिवार**

**राष्ट्रीय लोक अदालत में आकर शीघ्र, सुलभ व सस्ता न्याय पाये।**
**न्यायालय शुल्क वापस पाकर आपसी भाईचारे से अंतिम निर्णय पाये।**

**राष्ट्रीय लोक अदालत में संदर्भित किए जाने योग्य वाद/प्रकरण**

- समस्त प्रकार के शमनीय आपराधिक मामले
- चैक वाउंस से सम्बंधित धारा 138 एन.आई.एक्ट. के वाद
- बैंक रिकवरी वाद
- मोटर दुर्घटना प्रतिकर वाद
- श्रमवाद
- बिजली एवं जल के बिल से संबंधी शमनीय दण्डवाद
- वैवाहिक/पारिवारिक वाद / प्री-लिटिगेशन वाद
- भूमि सम्बन्धी वाद
- सेना निवृत्ति के परिलाभों संबंधी मामले
- राजस्व वाद
- अन्य सिविल वाद

**राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन**

हम सब वादकारियों ने यह ठाना है,
कोर्ट कचहरी का चक्कर नहीं लगाना है।
लोक अदालत से मामला निपटाना है,
हँसते-हँसते घर जाना है।

त्वरित, सस्ता, सुलभ न्याय प्रत्येक भारतीय नागरिक का नैतिक अधिकार है राष्ट्रीय लोक अदालत दिनांक 10 मई 2025, दिन शनिवार को तहसील न्यायालय से लेकर माननीय सर्वोच्च न्यायालय के स्तर तक किसी भी न्यायालय अथवा विभागीय मामलों को सुलह समझौते के आधार पर निस्तारित किये जाने हेतु आवेदन पत्र देकर अन्तिम आदेश व निर्णय प्राप्त कर सदैव के लिए लम्बित मामले से छुटकारा पाने का स्वार्णिम अवसर।

**लोक अदालत के लाभ**

- पक्षों के मध्य आपसी सुलह समझौते के आधार पर विवाद का निस्तारण पक्षकार-व्यक्तिगत स्तर पर स्वयं पहल कर सकते है।
- लोक अदालत में निस्तारण हेतु किसी प्रकार का शुल्क देय नहीं है।
- लम्बित मामले के लोक अदालत में निस्तारण पर न्यायशुल्क की वापसी की व्यवस्था।
- लोक अदालत में निर्णय के विरूद्व कोई अपील नहीं
- कानूनी जटिलताओं से परे लोक अदालत की प्रक्रिया सहज और आपसी समझौते पर आधारित।

**यदि आप किसी भी लम्बित वाद को राष्ट्रीय लोक अदालत में सुलह समझौते के आधार पर निस्तारित करवाना चाहते हैं तो कृप्या सम्बन्धित न्यायालय के पीठासीन अधिकारी, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, गाजियाबाद के कार्यालय, से सम्पर्क कर अपने विवाद को राष्ट्रीय लोक अदालत में नियत कर सकते है।**

अपर जिला जज / सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, गाजियाबाद
नोडल अधिकारी/अपर जिला जज, गाजियाबाद
जिला जज / अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, गाजियाबाद

**जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, गाजियाबाद**


# नेशनल हेराल्ड मामले को लेकर भाजपा युवा मोर्चा ने किया पुतला दहन

**वेलकम इंडिया**

**गाजियाबाद।** नेशनल हेराल्ड मामले को लेकर भाजपा महानगर अध्यक्ष मयंक गोयल के निदेर्शानुसार भाजपा युवा मोर्चा ने कांग्रेस नेता सोनिया गांधी और राहुल गांधी का पुतला दहन किया। यह विरोध प्रदर्शन नवयुग मार्केट स्थित शहीद मार्ग पर आयोजित किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में युवा कार्यकर्ता शामिल हुए। कार्यक्रम की अगुवाई भाजपा महानगर अध्यक्ष मयंक गोयल एवं युवा मोर्चा अध्यक्ष सचिन डेढ़ा ने की। इस मौके पर भाजपा महानगर अध्यक्ष मयंक गोयल ने कहा, ₹नेशनल हेराल्ड घोटाला देश की जनता के साथ किया गया एक बड़ा धोखा है। सोनिया गांधी और राहुल



गांधी को इस घोटाले में जवाब देना होगा। भाजपा कार्यकर्ता भ्रष्टाचार के खिलाफ सड़क से संसद तक आवाज उठाते रहेंगे। युवा मोर्चा अध्यक्ष सचिन डेढ़ा ने कहा, ₹कांग्रेस पार्टी ने सालों तक देश को लूटा है। नेशनल हेराल्ड घोटाले में दोषियों को सजा दिलाने के लिए युवा मोर्चा सड़कों पर संघर्ष करता रहेगा। हम जनता को जागरूक करने का काम करते रहेंगे। पुतला दहन कार्यक्रम में मुख्य रूप से महानगर अध्यक्ष मयंक गोयल, युवा मोर्चा अध्यक्ष सचिन डेढ़ा, पूर्व पार्षद प्रदीप चौहान, युवा मोर्चा पश्चिम उत्तर प्रदेश क्षेत्रीय महामंत्री अनुज कश्यप, आशुतोष शर्मा, महानगर उपाध्यक्ष राम त्यागी, मोनू त्यागी, आशीष चौधरी, महानगर महामंत्री नितिन शर्मा, महानगर मंत्री दीपक शर्मा, रोबिन तोमर, पुष्पेंद्र गुप्ता, पंकज लड्डू, अनुज कसाना, कपिल मावी, रॉबिन भड़ाना, सोनू चौधरी, आशु गुर्जर सूरत सेन विपिन यादव मोहित ठाकुर राहुल भाटी एवं पंकज भारद्वाज, अभिजीत मुखर्जी, अनुज राघव सहित अनेक कार्यकर्ता मौजूद रहे, जिन्होंने कांग्रेस के खिलाफ नारेबाजी की और न्याय की मांग की।

## मॉल पार्किंग में शुल्क मांगने पर कार सवारों ने कर्मचारी और बेटे पर किया हमला

**गाजियाबाद।** शहर के कौशांबी थाना क्षेत्र के वैशाली सेक्टर-5 स्थित शॉप्रिक्स मॉल में शुक्रवार रात उस वक्त अफरा-तफरी मच गई, जब पार्किंग शुल्क मांगने पर कुछ युवकों ने पार्किंग कर्मचारी और उसके बेटे पर जानलेवा हमला कर दिया। आरोपियों ने लोहे की रॉड से हमला करने के बाद पिता-पुत्र पर गाड़ी भी चढ़ा दी। घायल अवस्था में दोनों को इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पुलिस ने अज्ञात हमलावरों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है और आरोपियों की तलाश शुरू कर दी है। शॉप्रिक्स मॉल के पार्किंग कर्मचारी शिव भगवान शुक्ला के अनुसार, 24 अप्रैल की रात करीब 10 बजे गेट नंबर 5 पर एक कार आकर रुकी, जिसमें चार युवक सवार थे।